झारखण्ड देखो
# Jharkhand Dekho
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition

www.jharkhanddekho.com • वर्ष 01 • अंक 303 • पृष्ठ 6 • रविवार 14 नवंबर 2021 Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com

सतन आश्रम ट्रस्ट, धधकिया द्वारा संचालित
सतन आश्रम रामगोपाल शर्मा
गुरुकुलम
आपके बच्चों का उज्जवल भविष्य
नए सत्र में नवम् एवं दशम् वर्ग शुरू हो रहा है।
कक्षा - बाल वर्ग से अष्टम् वर्ग तक
माध्यम - हिन्दी एवं अंग्रेजी
(सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम)
कम्प्यूटर | मध्यान भोजन | प्रयोगशाला
फिनलैंड एवं भारतीय संस्कृति के माध्यम से अनुभवी शिक्षक द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था
सत्र 2020-21 के लिए नामांकन प्रारंभ है।
• स्थान : सतन आश्रम, रामगोपाल शर्मा, धधकिया • सम्पर्क नं. - 8409399342, 7903712653 • www.rgsgurukulam.com

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंडः 12 से ज्यादा जिलों में तीन दिनों तक होगी बारिश

**रांची।** रांची समेत झारखंड के विभिन्न जिलों में सुबह से ही बारिश हो रही है। कई जिलों में आसमान में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनों तक मौसम ऐसे ही रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र आंध्र प्रदेश के तट पर पहुंच गया है। इसका असर अगले तीन दिनों तक झारखंड में भी देखने को मिलेगा। रांची, खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गुमला, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की होने संभावना है। अभिषेक आनंद ने बताया कि बारिश के बाद 16 नवंबर से राज्य में ठंड बढ़ेगी। बेमौसम की इस बारिश ने धान की तैयार फसल को बड़ा नुकसान हुआ है। कई खेतों में कटाई की फसल रखी हुई है जो पूरी तरह से जलमग्न हो गई है। किसानों को जहां अपनी फसलों को लेकर चिंता हो रही है, वहीं मौसम की उठा पटक ने किसानों की नींद उड़ा दी है। वहीं मौसम में आ रहे बदलाव के चलते सब्जी की फसल की औसत पैदावार प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेगी।

## सुविचार

ज्ञानी पुरुषों को संसार का भय नहीं होता

● **आचार्य चाणक्य**

## बिजनेस

**बीएसई सेंसेक्स**

60,686.69+767.00 ( 1.28% )

**निफ्टी 50**

18,102.75+229.15 ( 1.28% )

## दैनिक पंचांग

| | | |
|---|---|---|
| वार | रविवार | |
| तिथि | एकादशी | 30:39 तक |
| नक्षत्र | पूर्वभाद्रपदा | 16:24 तक |
| पक्ष | शुक्ल | |
| योग | हरषाना | 25:39 तक |
| सूर्योदय | 06:46 | |
| सूर्यास्त | 17:23 | |
| चंद्रमा | कुम्भ राशि में | |
| राहुकाल | 16:03 - 17:23 | |
| मास | कार्तिक | |
| शुभ मुहूर्त | अभिजीत | 11:43 - 12:26 |

# असम राइफल्स के काफिले पर हुआ हमला, 7 जवानों की हुई मौत

**मणिपुर/एज्जेंसी।**



मणिपुर में उग्रवादियों ने कायराना हरकत में चुराचांदपुर जिले के सिंघत उप-मंडल में असम राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर, उनके परिवार के सदस्यों और राइफल्स के अन्य जवानों को मार डाला। हमले में कर्नल विप्लव त्रिपाठी की पत्न ी और बेटा भी मारे गए हैं। हमला सुबह 10 बजे हुआ है। हमले के पीछे पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का हाथ बताया जा रहा है। इस हमले की पुष्टि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने की है। उन्होंने घटना पर शोक व्यक्त किया है।

सूचना के अनुसार, 46 बजे सूचना के बाद ठीक होगा। स्वस्थ करने के लिए, रूप से काम करने का काम करें। बताया जा रहा है पहले से घात लगाकर उग्रवादियों ने कर्नल विप्लव त्रिपाठी , उनकी पत्नी और बेटे समेत 7 जवानों को मार डाला।

इस कायराना हमले की मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने निंदा की है। सीएम सिंह ने सोशल मीडिया पर ट्वीट के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने लिखा, ﺭमैं 46 एआर के काफिले पर कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा करता हूं। इस हमले में आज सीओ और उनके परिवार सहित कुछ कर्मियों की मौत हो गई है। राज्य बल और अर्धसैनिक उग्रवादियों को पकड़ने के लिए कार्रवाई कर रहे हैं। अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी ट्वीट करके घटना पर दुख जाहिर किया। उन्होंने लिखा, ﺭमणिपुर के चुराचांदपुर में असम राइफल्स के वीर जवानों पर कायराना हमला हुआ है। घटना को लेक र मैं बेहद दुखी हूं और घटना पर शोक व्यक्त करता हूं। देश ने पांच वीर जवानों समेत सीओ और उनके परिवार के दो लोगों को खो दिया।

## गुजराती से ज्यादा हिंदी भाषा पसंद, अपनी राजभाषा को मजबूत करने की जरूरतः अमित शाह

**वाराणसी/एजेंसी।** वाराणसी के हस्तकला संकुल में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को गृहमंत्री अमित शाह संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को राजधानी दिल्ली से बाहर करने का निर्णय हमने वर्ष 2019 में ही कर लिया था। कोरोना काल की वजह से हम नहीं कर पाएं, लेकिन आज मुझे खुशी हो रही है कि ये नई शुभ शुरुआत आजादी के अमृत महोत्सव में होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अमृत महोत्सव, देश को आजादी दिलाने वाले लोगों की स्मृति को फिर से जीवंत करके युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने के लिए तो है ही, ये हमारे लिए संकल्प का भी वर्ष है। अमित शाह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत में देश के सभी लोगों का आ''ान करना चाहता हूं कि स्वभाषा के लिए हमारा एक लक्ष्य जो छूट गया था, हम उसका स्मरण करें और उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। हिंदी और हमारी सभी स्थानीय भाषाओं के बीच कोई अंतर्विरोध नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे गुजराती से ज्यादा हिंदी भाषा पसंद है। हमें अपनी राजभाषा को मजबूत करने की जरूरत है।

आवश्यकता
झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी जिलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।
संपर्क करें -9955599136

## अमीरों की तिजोरी भर रही गरीबों की जेब काटकर भाजपा सरकारः अखिलेश

**गोरखपुर/एज्जेंसी।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शनिवार को गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरे। यहां पार्टी के पदाधिकारी, नेता और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार गरीबों की जेब काटकर अमीरों की तिजोरी भर रही है। जो लोग मंहगाई को कम करने की बात कहते थे, उन्होंने मंहगाई बढ़ाई है। युवाओं को नौकरी नहीं मिली है। गोरखपुर में विकास नहीं हुआ, यहां नाव का विकास हुआ। पूरा शहर बरसात के पानी से भरा हुआ था।

उन्होंने कहा कि गोरखपुर की जनता विकास देखने का इंतजार कर रही है। मैं यहां राज्य के विकास की अपील करने आया हूं। भाजपा को 2024 की चिंता नहीं बल्कि 2022 में लोगों के सवालों का जवाब देना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा याद करिए उस दिन को जब लॉकडाउन लगा था, हमारे मजदूरों को महाराष्ट्र-गुजरात से पैदल चलकर आना पड़ा। कोरोना काल में अस्पतालों में लोगों को मदद की जरुरत थी, उस वक्त सरकार ने लोगों को मरने के लिए छोड़ दिया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष के इंतजार में सपा कार्यकर्ता और नेता सुबह से ही एयरपोर्ट और आसपास जमा हो गए थे। दोपहर लगभग 12:00 बजे अखिलेश यादव का चार्टर प्लेन गोरखपुर एयरपोर्ट पर लैंड किया। बाहर निकलने पर गेट पर ही सपाइयों ने उन्हें घेर कर नारेबाजी शुरू की। एयरपोर्ट से समर्थकों के नारेबाजी के बीच उन्हें विजय यात्रा रथ तक पहुंचने में करीब 10 मिनट लग गए। यहां उन्होंने औरत की छत पर चढ़कर भारी भीड़ का हाथ हिला कर स्वागत किया।




**अमरावती में बवाल, त्रिपुरा हिंसा पर**

# भाजपा के बंद के दौरान हुई लाठीचार्ज और पत्थरबाजी

**अमरावती/एजेंसी।**



महाराष्ट्र के अमरावती में शनिवार को भाजपा की तरफ से बुलाए गए बंद के दौरान हिंसा भड़क उठी। यहां कुछ शरारती तत्वों ने पत्थरबाजी को अंजाम दिया, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर जमकर लाठियां बरसाईं। फिलहाल जिले में धारा 144 लगाने का एलान कर दिया गया है। गौरतलब है कि भाजपा ने यह बंद कल हुई घटना के खिलाफ बुलाया था। पिछले महीने त्रिपुरा में हुई हिंसा के खिलाफ महाराष्ट्र के अमरावती में शुक्रवार को कुछ मुस्लिम संगठनों के विरोध प्रदर्शन के दौरान अज्ञात व्यक्तियों ने दुकानों पर पथराव कर दिया था, जिसके बाद इलाके के कई हिस्सों में तनाव फैल गया। भाजपा ने इसी हिंसा के खिलाफ आज अमरावती बंद का आ''ान किया था। बताया गया है कि शनिवार सुबह भाजपा के समर्थन से जो प्रदर्शन हुआ, उसमें सैकड़ों की संख्या में लोग भगवा झंडा लेकर शामिल हुए। इस दौरान लोगों ने नारेबाजी की। इसी दौरान कुछ लोगों ने पत्थर उठा कर दुकानों पर फेंकने शुरू कर दिए। एक पुलिस अफसर ने बताया कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया गया। फिलहाल ज्यादातर जगहों पर पुलिसबल तैनात है।

इससे पहले शुक्रवार को हुई घटना को लेकर महाराष्ट्र के गृह मंत्री दिलीप वल्से ने कहा, ﺭत्रिपुरा में हुई हिंसा के खिलाफ राज्यभर के मुस्लिमों ने विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान नांदेड़, मालेगांव और अमरावती समेत कई जगहों पर पत्थरबाजी हुई। मैंने हिंदू, मुस्लिमों से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा, अब स्थिति नियंत्रण में है। मैं खुद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के जरिए इस पर नजर रख रहा हूं। अगर कोई दोषी पाया गया, तो उसे छोड़ा नहीं जाएगा। अमरावती की सांसद नवनीत आर राणा ने कहा कि जिले में कल जो कुछ हुआ उसकी निंदा करती हूं। मैं सभी नागरिकों और नेताओं से शांति बनाए रखने की अपील करते हैं। मैं बड़े मंत्रियों से अपील करती हूं कि इसे राजनीतिक रंग देने की जगह लोगों की सुरक्षा के बारे में बात की जाए।






## संक्षिप्त समाचार

### जगधात्री पूजा को लेकर उत्सवी नजारा, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** उपराजधानी दुमका में शनिवार को जग धात्री पूजा को लेकर धूम रही। इस पावन पर्व को लेकर बंगला भाषा से जुड़े लोगों में काफी उत्साह का माहौल है।

बंगाली एसोसिएशन द्वारा शहर के केबी वाटिका में काफी धूमधाम के साथ जगधात्री पूजा मनाया गया। शनिवार की सुबह बड़ा बांध तालाब में ढोल ढाक के साथ काफी संख्या में बंगाली समाज से जुड़ी महिलाएं एवं पुरुष कलश लेकर आये ।सप्तमी अष्टमी एवं नवमी पूजन के बाद माता जग धात्री को पुष्पांजलि अर्पित किया गया। समाजसेवी अमिता रक्षित ने बताया कि जग धात्री माता देवी दुर्गा के समान ही है और वो सुख शांति देने वाली माता है। रविवार को दसवीं पूजा के बाद पुष्पांजलि एवं सिंदूर खेला के बाद कलश का विसर्जन किया जाएगा तथा शाम को प्रतिमा के विसर्जन के साथ ही इस पावन पर्व का समापन होगा। पूजा के अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया .

### 22 पोल के बिजली तार चोरी,अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज

**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के बोडिया गांव के बाहर विगत चार दिनों पूर्व बाईस बिजली पोल से अज्ञात चोरो द्वारा कवर युक्त बिजली तार चोरी मामले में बासुकीनाथ विद्युत विभाग के कनीय अभियंता सत्यनारायण भोक्ता ने शनिवार को रामगढ़ थाना कांड संख्या 107/21 ,धारा 379 के तहत अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है.पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

### ग्रामीणों ने हर्सोल्लास के साथ जान्थर और माहमोड़े पूजा मनाया



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** दुमका प्रखंड के भुरकुंडा पंचायत के अन्तर्गत दुन्दिया गांव में दिसोम मरांग बुरु युग जाहेर अखड़ा और दुन्दिया गांव के ग्रामीणों ने हर्सोल्लास के साथ जान्थर और माहमोड़े पूजा मनाया.इसके साथ-साथ दो दिवसीय कराम पूजा कि शुरुवात भी आज शाम से शुरू हो जाएगी.फसल जब खेत में पक जाते है,उसे घर लाने के पहले संताल आदिवासियों में यह परम्परा है कि अपने इष्ट देवताओं को बिना भोग दिए खेत से फसल गांव में नही लाये जाते है.पूज्य स्थल जाहेर थान में जान्थर पूजा के माध्यम इष्ट देवताओ को पके हुए धान का पौधा भोग में चढ़ाया जाता है.इसके साथ-साथ बलि भी चढ़ाया जाता है. माहमोड़े पूजा भी जाहेर थान में किया जाता है.इसमें भी बलि दिया जाता है. माहमोड़े पूजा हर पांच वर्षों में मनाया जाता है.यह पूजा गांव को बीमारियों से बचाए रखने के लिय किया जाता है.इस पूजा में भी बलि देने की प्रथा है. जाहेर थान में ग्रामीणों ने मुर्गा,बकरी,सुअर और भेड़ का बलि दिया.आज शाम को कारम पूजा शुरू होगी जो दुसरे दिन को समाप्त होगी.कराम पूजा में सिर्फ मिठाई,दूध से पूजा जाता है.इस मौके में सुरेश टुडू,सोलेमान मुर्मू,माने टुडू,बाबूलाल मुर्मू,रमेश हांसदा,विनय हांसदा,बबुधन टुडू,सुनिराम टुडू,विधुला हांसदा,सोनातन किस्कू,रंजीत किस्कू,एडबिन हांसदा,दिनेश टुडू,सुमित हांसदा,प्रेम किस्कू,कमलेश मुर्मू,बेन्जामिन टुडू,लोकराम मुर्मू आदि उपस्थित थे।

# सांसद ने किया एसपी कॉलेज का निरीक्षण

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सोरेन का संताल परगना महाविद्यालय में आगमन हुआ। प्राचार्य के नेतृत्व में कॉलेज परिवार ने सांसद का जोरदार स्वागत किया। सांसद द्वारा कॉलेज परिसर में स्थापित दुमका के प्रथम सांसद तथा कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय लाल बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण डॉ लीना मुर्मू, प्रो स्वेता बास्की, प्रो वर्षा, तथा प्रो बसंती हांसदा के नेतृत्व में किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव की अध्यक्षता में एक स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य ने सांसद सुनील सोरेन, सांसद प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना तथा युवा नेता गुंजन मरांडी एवं साथ ही सांसद के साथ आये दुमका के कई बुद्धिजीवियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा सांसद को संताल परगना महाविद्यालय की समस्याओं से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में करीब पंद्रह हजार छात्र/छात्राएं पढ़ते हैं, इनके लिए पेयजल हेतु एक ईंट निर्मित जलमीनार बनवाने की कृपा की जाय। साथ ही महाविद्यालय में डीप बोरिंग, अबाध बिजली आपूर्ति हेतु ट्रांसफार्मर, तथा चहारदीवारी निर्माण कराया जाय। प्राचार्य डॉ यादव ने यू जी सी सामान्य छात्रावास(100 शैय्यावाला) बनाये जाने की आवश्यकता से सांसद को अवगत कराया। परिसर में उपस्थित एकमात्र परीक्षा प्रशाल की मरम्मती एवं जीर्णोद्धार पर माननीय सांसद का ध्यानाकृष्ट प्राचार्य द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ शम्भू कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ धनंजय कुमार मिश्रा, डॉ शम्स तबरेज खान, डॉ कुमार सौरभ, डॉ वेद प्रकाश सहाय, तथा संगीता गांगुली द्वारा भी सांसद एवं सांसद प्रतिनिधि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ कलानंद ठाकुर द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के बाद सांसद द्वारा सर्वप्रथम सामान्य छात्रावास का निरीक्षण किया गया। वहाँ की दयनीय स्थिति को देखकर सांसद का मन विचलित हो गया, उन्हें आश्चर्य हुआ कि ऐसी स्थिति में छात्र कैसे रहते हैं? साथ ही डॉ निर्मल मुर्मू तथा डॉ अविनाश हांसदा की अगुआई में सांसद द्वारा एस टी होस्टल एक, दो, पांच, जेपीएससी होस्टल के साथ साथ एस सी होस्टल एक, दो तथा तीन का भी निरीक्षण किया गया। सभी छात्रावास के छात्रों द्वारा वहां व्याप्त समस्याओं को सांसद महोदय द्वारा सुना गया। सभी समस्याओं से अवगत होने के बाद सांसद सुनील सोरेन ने जल्द ही सभी समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया और सभी छात्रों से अच्छी पढ़ाई कर नोकरी में जाकर समाज में अपना योगदान देने का आ''ान किया। सांसद सुनील सोरेन, सांसद प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह, तथा युवा नेता गुंजन मरांडी जी (तीनों कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्र हैं) को, कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव द्वारा विशेष धन्यवाद दिया गया तथा छात्रहित में उनकी सोच की प्रशंसा भी की।

## विभिन्न विभागों के परिसंपत्तियों का वितरण

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा इनडोर स्टेडियम दुमका में आयोजित कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी के कर कमलों से विभिन्न विभागों के परिसंपत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। इसके तहत विक्टम कंन्सेसन स्कीम के तहत रंजु देवी को 7.5 लाख रुपये और डीआरडीए के तहत चार लाभुकों को पीएम आवास की चाबी प्रदान किया गया। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के द्वारा दो लाभुकों को वृद्धा पेंशन का स्वीकृति पत्र, समाज कल्याण विभाग के माध्यम से सीएम कन्यादान योजना, सुकन्या योजना व पीएम मातृ वंदना योजना के तहत दो-दो लाभुकों कोद्व स्पॉन्सरशिप स्कीम के तहत तीन बालकों को दो-दो हजार रुपये का लाभ प्रदान किया गया। कल्याण विभाग की ओर से चार व्यक्तियों को वनाधिकार पट्टा व दो को सीएम रोजगार सृजन योजना के तहत लाभ दिया गया। जिला आपूर्ति विभाग की ओर से चार लाभुकों को सोना सोबरन धोती साड़ी योजना और दो को खाद्य सुरक्षा योजना के तहत ग्रीन कार्ड दिया गया। जेएसएलपीएस के माध्यम से दो व्यक्तियों को फूलो झानो आर्शीवाद योजना का लाभ, शिक्षा परियोजना के तहत दो बच्चों को विद्यालय कीट सामग्री, कृषि विभाग के द्वारा दो किसानों को केसीसी, पशुपालन विभाग द्वारा एक-एक लाभुक को बकरा विकास व बॉयलर कुक्कुट योजना के तहत, स्वास्थ्य विभाग द्वारा दो को दिव्यांग प्रमाण पत्र, जिला अग्रणी बैंक द्वारा एक व्यक्ति को ऋण, डीआरडीए के तहत दो व्यक्तियों को मनरेगा, राजस्व शाखा की ओर से चार व्यक्तियों को प्रधानी पट्टा, श्रम विभाग के द्वारा दो छात्रों को छात्रवृत्ति सहायता योजना का लाभ और मत्स्य विभाग के द्वारा एक व्यक्ति को लाभ प्रदान किया गया।

## न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रथ को विदा किया



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** उच्च न्यायालय झारखंड के न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी,जिला सत्र न्यायाधीश पीयूष कुमार, उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रथ को विदा किया ।यह मतदाता जागरूकता रथ पंचायत स्तर तक पहुँच कर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगा। जागरूकता रथ के माध्यम से 1 नवंबर से 30 नवंबर 2021 तक चलने वाले मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022 के बारे में जानकारी दी जायेगी। मतदाता जागरूकता रथ में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाया गया है साथ ही महत्वपूर्ण जानकारियों से संबंधित पैम्फलेट भी उपलब्ध है ताकि लोगों के बीच वितरित किया जा सके ।साथ ही मतदाता जागरूकता रथ के 20,21,27 तथा 28 नवंबर को सभी पोलिंग स्टेशन पर लगाए जाने वाले विशेष मतदाता शिविर के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

### उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को किया रवाना



**दुमका /झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर सीसीएल के सीएसआर निधि से दिए गए एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।यह एम्बुलेंस काठीकुंड और शिकारीपाड़ा के लोगों के लिए समर्पित किया गया ।एम्बुलेंस पूरी तरह से वातानुकूलित है ।उपायुक्त ने कहा कि इस एम्बुलेंस के माध्यम से शिकारीपाड़ा तथा काठीकुंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रह रहे लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगा ।सुदूरवर्ती क्षेत्र में रह रहे लोग विशेष परिस्थिति में ससमय एम्बुलेंस के माध्यम से में बेहतर इलाज हेतु जा सकेंगे ।कहा कि यह एम्बुलेंस जन सेवा के लिए समर्पित किया गया है ।इस दौरान सीसीएल के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

### संगठन विस्तार समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** राष्ट्रीय मानवाधिकार सर्वेक्षण झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष विनोद ठाकुर की अध्यक्षता में दुमका के गिलान पाड़ा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार के बारे में विचार विमर्श किया गया। बैठक में कई योग्य व्यक्तियों को संगठन का पदाधिकारी बनाया गया। बैठक में जामताड़ा जिले के कर्माटांड़ प्रखंड अंतर्गत जमुआ गांव में पिछले 21 अक्टूबर 2021 को एक शिकायती पत्र पर कमल रजक की पत्नी मंजू देवी की हत्या के मामले में चर्चा हुई ।मामले में संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस उपमहानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल से मुलाकात कीपूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल ने जामताड़ा पुलिस अधीक्षक व डीएसपी से बात कर मामले को जल्द से जल्द सुलझाने का आदेश दिया। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार यादव, जिला महासचिव विनोद यादव , जिला सचिव आशीष कुमार यादव , जिला उपाध्यक्ष सूरज कुमार दास, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सनत मुर्मू , जिला कोषाध्यक्ष विष्णु कुमार सेन, विधि सचिवों में सिकंदर मंडल, धर्मेंद्र नारायण प्रसाद, जयकांत यादव,पंकज यादव उपस्थित थे।

### अवैध लकड़ी ले जा रहे वाहन जब्त ,वाहन चालक गिरफ्तार



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** गुप्त सुचना पर रामगढ़ पुलिस ने गत रात्री पैट्रोलिंग के दौरान रामगढ़ गुहियाजोड़ी सड़क मार्ग के मयूरनाथ मोड़ के पास एक 709 पिकअप वैन जेऐच 04/3056 पर लोड 45 पीस अवैध बोटा, सखुवा लकडी को वाहन समेत जब्त कर लिया है.मौके पर वैन चालक ब्रहमदेव राय ,पिता गोपाल राय ग्राम बोंसी थाना बोंसी ,जिला बांका को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.उक्त मामले में रामगढ़ थाना कांड संख्या 108/21 धारा 414/34 एंव 33 वन अधिनियम के तहत पिकअप वाहन मालिक एवं चालक के विरुद्ध मामला अंकित कर चालक को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया.ज्ञात हो कि उक्त पिकअप वैन पर लोड लगभग एक लाख रुपये की सखुवा लकड़ी का 45 पीस बोटा डांडो से बोंसी ले जाया जा रहा था.ज्ञात हो कि इन दिनो रामगढ़ थाना क्षेत्र के डांडो. कडबिंधा कांजो ,सिमरा ,रोलडीह ,पहाडपुर ,बोडिया ,लतबेरवा बंदरजोडा ,बरमसिया ,भालसुमर सिलठा बी आदि क्षेत्रो में वन विभाग के उदासीन रवैये के कारण लकड़ी माफिया पूरी तरह सक्रिय है.जंगल की कीमती लकडी सखुवा, शीशम ,गम्हार कटहल आदि को भोले भाले गरीब लोंगो से कटवाकर लकड़ी माफिया ऊंचे दामो पर बेचकर मालामाल हो रहे है.वही लकड़ी माफियाओं द्वारा जंगल की लकड़ी काटने से पर्यावरण खतरे में है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधिक सेवा सह सशक्तिकरण कैंप का आयोजन

## वंचित समाज को विकास से जोड़कर ही समाज को सशक्त किया जा सकता हैः अनिल कुमार चौधरी

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।





**दुमका।** इंडोर स्टेडियम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधिक सेवा सह सशक्तिकरण कैंप का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उच्च न्यायालय झारखंड के न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी उपस्थित थे ।पारंपरिक रीति रिवाज लोटा पानी से अतिथियों का स्वागत किया गया ।इस दौरान सभी अतिथियों को पौधा देकर स्वागत किया गया ।इसके उपरांत सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत रूप से शुरुआत की गयी ।इस अवसर पर ने अपने संबोधन में कहा कि आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार ने यह निर्णय लिया है कि 2 अक्टूबर महात्मा गांधी के जन्मतिथि से 14 नवंबर 2021 तक गाँव तथा शहर में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण कैम्प का आयोजन किया जाएगा ।कैम्प के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोग,जो आज भी न्यायिक जागरूकता से दूर हैं उनके पास पहुँचकर उनके दुःख-कष्ट को दूर किया जा सके ।कहा कि न्यायिक सेवा तथा न्यायिक जागरूकता निरंतर कार्यक्रम है ।इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से लोगों को काफी लाभ मिलेगा ।जिला सत्र न्यायाधीश पीयूष कुमार ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है ।उन्होंने कहा आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण कई बार जागरूकता के आभाव में यहाँ के लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है ।जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जागरूकता शिविर के माध्यम से लोगों को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं तथा कानून की जानकारी दी जाती है ।साथ ही कुप्रथाओं को खत्म करने के लिए भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि लोगों को कानून की जानकारी उपलब्ध कराने का उद्देश्य यह है कि वे आने नैतिक अधिकार को प्राप्त कर सकें ।विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से लोगों को उन्हें उनके अधिकार के बारे में बताया जा रहा है ।वंचित समाज को विकास से जोड़कर ही समाज को सशक्त किया जा सकता है ।अपने स्वागत संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम जो भी लाभ दिए जा रहे हैं वो आप सभी का अधिकार है ।आप सभी को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ससमय मिले इसके लिए जिला प्रशासन के अधिकारी निरंतर कार्य कर रहे हैं ।365 दिन हमारा यह प्रयास रहेगा कि आपको कल्याणकारी योजना का लाभ लेने के लिए भटकना नहीं पड़े ।लोगों का अधिकार उनके दरवाजे तक पहुँचे इस संकल्प के साथ जिला प्रशासन कार्य कर रही है ।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कार्यक्रम को इस क्षेत्र के लाभकारी बताया ।उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और डीएलएसए के प्रयास से हड़िया बेचने वाले महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है ।इस दौरान माननीय उच्च न्यायालय झारखंड के माननीय न्यायाधीश श्री अनिल कुमार चौधरी के कर कमलों से विभिन्न विभागों के परिसंपत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया।

झारखण्ड देखो
Jharkhand Dekho
खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

# आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**पाकुड़।** राज्य स्थापना दिवस 15 नवम्बर 2021 एवं सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्षय में 16 नवम्बर से 28 दिसंबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम के सम्बंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने जानकारी दी। सभी प्रखंडों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर आवशयक तैयारियां करने का निदेश दिया गया। 16.11.2021 से 28.12.2021 की अवधि तक जिले में ₹आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार₹ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि 'आपके अधिकार- आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान जिला में प्रतिदिन कम से कम 04-05 पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयार अभी से ही किया जा रहा है। इन शिविरों में निम्नांकित गतिविधियों को संपन्न किया जा सकेगा :

» आम नागरिकों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देना।
» झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत नया राशन कार्ड स्वीकृत करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करना ।
» राशन कार्ड हेतु प्राप्त आवेदनों के विरूद्ध स्वीकृत राशन कार्ड लाभान्वित को उपलब्ध कराना।
» अयोग्य लाभान्वितों को राशन कार्ड सरेंडर करने के लिए प्रेरित करना।
» राशन कार्ड में त्रुटि के सुधार हेतु आवेदन पत्र प्राप्त कर उस पर कार्रवाई करना।
» राशन डीलर के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों का निराकरण करना।
» नए लाभान्वितों को पेंशन का लाभ स्वीकृत करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करना।
» पेंशन हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर जांचोपरांत स्वीकृति की कार्रवाई करना तथा स्वीकृति पत्र लाभान्वित को उपलब्ध कराना।
» पेंशन प्राप्त करने में किसी लाभान्वित को हो रही समस्या का निराकरण करना।
» मनरेगा के तहत नए जॉब कार्ड हेतु आवेदन पत्र प्राप्त कर उस पर कार्रवाई करना। झारखण्ड लौटने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए प्राथमिकता के आधार पर जॉब कार्ड बनाना।
» मनरेगा के तहत अगर रोजगार उपलब्ध कराने हेतु पर्याप्त संख्या में योजनाएं स्वीकृत नहीं हैं तो नई योजनाओं की स्वीकृति हेतु कार्रवाई करना।
» हंड़िया बिक्री के रोजगार में संलग्न महिलाओं की पहचान कर उन्हें फुलो झानो आशीर्वाद अभियान के तहत वैकल्पिक रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराना।
» धोती साड़ी का वितरण करना।
» कंबल का वितरण करना।
» 15वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त राशि के विरुद्ध जनोपयोगी योजनाओं को स्वीकृत करना।




» कृषि ऋण माफी हेतु आवेदन प्राप्त करना तथा उस पर कार्रवाई करना।
» किसान क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करना ।
» बैंकों द्वारा स्वीकृत किसान क्रेडिट कार्ड लाभान्वित को उपलब्ध कराना।
» कैंप में उपस्थित ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करना।
» कोविड वैक्सीनेशन की सुविधा उपलब्ध कराना।
» सेवा का गारंटी अधिनियम के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही विभिन्न सेवाओं यथा–जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा–पेंशनादि से संबंधित लंबित मामलों का त्वरित गति से निस्तारण करना।
» असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का 'ई–श्रम पोर्टल पर निबंधन कराना।
» लंबित दाखिल–खारिज वादों का निष्पादन करना।
» भू–मापी के लंबित मामलों का निष्पादन करना।
» निर्विवादित मामलों में लगान रसीद निर्गत करना।
» मुख्यमंत्री पशुधन योजना एवं रोजगार सृजन योजना के आवेदन सृजित करना।

## संक्षिप्त समाचार

### ई-श्रम पोर्टल का उद्धघाटन

**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** गांधी चौक स्थित पाकुड़ जिला श्रम विभाग द्वारा ई-श्रम पोर्टल का उद्धघाटन प्रखंड अध्यक्ष मानसरुल ह×क एवं श्रम अध्यक्ष के द्वारा किया गया। जिसमे सभी प्रकार के मजदुर अपना-अपना कार्ड बनवाने हेतु उपस्थित थे। ई-श्रम कार्ड बनवाने हेतु लोगो को प्रेरित करने वालो में साथ में उपस्थित कोंग्रेस पार्टी जिला उपाध्यक्ष अनूप सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैन उर्फ राजू, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष् शाहीन परवेज़, जिला महासचिव अवधेश कुमार झा, पूर्व मुखिया चांचकी मुश्ताक शेख, युवा जिला महासचिव सेराजूद्दीन शेख आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय डेटाबेस ई-श्रम पोर्टल में निःशुल्क निबंधन किया जायेगा



**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग पाकुड़ के द्वारा असंगठित कामगारों का राष्ट्रीय डेटाबेस ई-श्रम पोर्टल में निःशुल्क निबंधन हेतु केम्प का उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार ने संयुक्त रूप से लाभुक को ई-श्रम कार्ड देकर तांतीपाड़ा स्थित वार्ड केंद्र भवन में उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत इस विषय में पर प्रकाश डालते हुए श्रम अधीक्षक श्री कुमार ने कहा कि ई-श्रम पोर्टल के अंतर्गत निर्माण कामगार, प्रवासी कामगार, स्ट्रीट वेंडर, घरेलू कामगार, कृषि कामगार, सेविका, सहायिका, आशा वर्कर, सखी मंडल की दीदीयां,मनरेगा कामगार सहित अन्य असंगठित कामगार में आने वाले कामगारों का निबंधन होगा निबंधन आने वाले भविष्य में कामगारों के लिए लाभदायक होगा। कार्यक्रम में हिसाबी राय, वार्ड पार्षद स्वीटी दास, अनुग्राहित प्रसाद साहा, विवेकानंद तिवारी, अनिकेत गोस्वामी, रूमा चटर्जी, मंजूर आलम, सुशील साहा, अंजना राउत, अशोक प्रसाद सहित उक्त के दर्जनों वार्ड वासीगण उपस्थित थे।

### महंगाई पर काबू न पाने के जन जागरण अभियान शुरू करेगी



**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर भाजपा सरकार द्वारा बढ़ती बेलगाम महंगाई पर काबू न पाने के विरोध में एक जन जागरण अभियान की शुरुआत के लिए शनिवार को पाकुड़ प्रखंड कार्यालय स्थित विधायक कार्यालय में पाकुड़ जिलाध्यक्ष उदय लखमानी एवं पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मंसारूउल हक के नेतृत्व में एक बैठक की गई. जिसमे बढ़ती हुई महंगाई के खिलाफ जन जागरूकता फैलाने हेतु चर्चा पर विचार विमर्श किया गया जिसमें मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी सेमिनूल इस्लाम, जिला उपाध्यक्ष गुलाम अहमद एवं अनुप सिंहा विश्वास, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शाहीन परवेज, जिला महासचिव अवधेश कुमार झा, जिला सचिव कृष्णा यादव एवं असलम अंसारी, जिला सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर नलिन मिश्रा, मुजीबुर रहमान, शफीक आलम, लड्डू शेख, रामविलास महतो, महबूब आलम, इस्लाम अंसारी, मुर्शीद आलम, विवेक गोस्वामी, मनोवर आलम, मंसार शेख, मिथुन मरांडी, जय मालतो, कलाम अंसारी, आबिद अंसारी, सिराजुद्दीन शेख, मिसबाहुल शेख, कल्पना सिंह, आसिफा बेवा, शहनाज बीवी, राम विलास महतो, मुजीबुर रहमान, सफीक आलम, प्रताप मंडल, बशीर शेख, किसन पासवान आदि मौके पर मौजूद थे।

# कोरोना वैक्सिनेशन के मद्देनजर आयोजित मेगा कैम्प में दूसरे दिन सैकड़ों लोगों ने लिया वैक्सीन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**पाकुड़।** उपायुक्त पाकुड़ के निर्देशानुसार आगामी पांच दिनों तक चलने वाले कोविड-19 मेगा कैंप वैक्सीनेशन कार्यक्रम में दूसरे दिन शनिवार को सैकड़ों लोगों ने कोरोना का प्रथम एवं दूसरा डोज लिया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नवल कुमार ने बताया कि कुल 5 दिनों तक प्रखंड के चिन्हित 25 वेक्सिनेशन सेंटर में छूटे हुए लोगों के शत प्रतिशत वेक्सिनेशन का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है । इधर दूसरे दिन पाकुड से पहुंचे सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, बीड- िओ मनोज कुमार, अंचलाधिकारी किरण डांग, एमओआईसी डॉ नवल कुमार ने पाथरडंगा, चौकिसाल, बंनोग्राम, राजदाहा, मोहनपुर, धोबना, उमापहाडी आदि कई अन्य गांवों एवं पंचायतों का दौरा कर एवं वेक्सिनेशन कार्यों का निरीक्षण कर वेक्सीनेटरों को



आवशयक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम बीडीओ श्री कुमार ने प्रखंड के अल्पसंख्यक बहुल धोबना मतदान केंद्र में बनाए गए वैक्सिनेशन सेंटर, उमापहाडी गांव स्थित विद्यालय के मतदान केंद्र में बनाए गए वैक्सिनेशन सेंटर, बोंनोग्राम विद्यालय स्थित मतदान केंद्र में बनाए गए वैक्सिनेशन सेंटर, बसन्तपुर विद्यालय स्थित मतदान केंद्र में बनाए गए वैक्सिनेशन सेंटर सहित अन्यान्य मतदान केंद्रों में चल रहे टीकाकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए टीकाकरण कार्य से जुड़े संबंधित कर्मियों को शत प्रतिशत लोगों को प्रेरित कर टीकाकरण कराने का दिशा निर्देश दिया। इधर इस संबंध में बीडीओ श्री कुमार ने बताया कि उपायुक्त पाकुड के निर्देशानुसार प्रखंड के मतदान केंद्रों में 5 दिनों में प्रखंड के चिन्हित मतदान केंद्रों पर बनाए गए वैक्सिनेशन सेंटर में वैसे लोगों को जिन्होंने या तो कोविड-19 का टीका नहीं लिया है या फिर पहले डोज का टीका लिया है और दूसरे डोज का टीका लेने से छूटे हुए हैं वैसे लोगों को चिंहित करते हुए शत प्रतिशत टीका दिलाने का कार्य किया जा रहा है। पांच दिनों में मेगा कैंप के माध्यम से मतदाता सूची के अनुसार पाकुडिया प्रखंड में कुल 25 हजार ऐसे लोगों को कोविड-19 का टीका देने का कार्य पूरा कराया जाना है। इस संबंध में टीका कर्मियों को आवशयक दिशा निर्देश दिया गया है। समाचार भेजे जाने तक प्रखंड के सभी मेगा कैंप वैक्सीनेशन सेंटर में शनिवार को 3000 लोगों को चिन्हित कर कोविड-19 का टीका दिया जा चुका था । वहीं लोगों को जागरूक करने हेतु शिक्षकों, डीलरों, पारा टीचरों, ग्राम प्रधानों आदि द्वारा गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य भी किया जा रहा था ।

## बीडीओ ने वैक्सिनेशन केंद्रों का किया निरीक्षण



**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** अमड़ापाड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार देवेश द्विवेदी ने प्रखंड अंतर्गत विभिन्न वैक्सिनेशन केंद्रों का किया निरीक्षण किया। सभी केंद्रों में कोरोना संक्रमण के रोकथाम व बचाव के उद्देशय से कोविड का टीका लगवाना है अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसको सभी केंद्रों में जाकर दिशा निर्देश दिया। एवं किसी प्रकार की भ्रांति में न आएं, कोरोना का टीका लगवाएं। जिले भर में 12 नवंबर से 16 नवंबर तक विशेष वैक्सीनेशन ड्राइव चलाया जा रहा है। इसी को सफल बनाने के उद्देशय से शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार देवेश द्विवेदी द्वारा जडाकी, डूमरचीर एवं सिंगरसी पंचायत में चल रहे टीका केन्द्र का निरीक्षण कर वास्तुस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग कोविड का टीका लें, ताकि कोरोना संक्रमण की चैन को तोड़ा जा सके। ऐसे में आमजनों से अपील होगा कि वैक्सीन को लेकर कि- सी भी प्रकार के अफवाह पर ध्यान नहीं दें। एक जिम्मेवार नागरिक होकर दूसरों को भी जागरुक करने का कार्य करें। वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित एवं उपयोगी है। टीकाकरण किसी बीमारी को ठीक नहीं करता, बीमारी के रोकथाम के लिए कार्य करता है। मौके प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी प्रेम कुमार मरांडी समेत अन्य उपस्थित थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ में विधिक जागरूकता शिविर मेगा कैंप का आयोजन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**पाकुड़।** नालसा नई दिल्ली और झालसा रांची के निर्देशानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में पैन इंडिया अवेयरनेस प्रोग्राम आउटरीच एक्टिविटी आजादी का अमृत महोत्सव लीगल सर्विसेस वीक कार्यक्रम के तहत न्याय सदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय पाकुड़ में विधिक जागरूकता कैंप मेगा कैंप का आयोजन का उद्घाटन माननीय न्यायमूर्ति श्री रत्नाकर भेगरा, न्यायमूर्ति माननीय झारखंड उच्च न्यायालय रांची की ऑनलाइन उपस्थिति एवं अनुमति उपरांत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रभारी राकेश कुमार, उपायुक्त वरुण रंजन, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उपायुक्त वरूण रंजन ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से 2 अक्टूबर 2021 से लेकर 12 नवंबर 2021 तक हुए कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी माननीय न्यायमूर्ति को दिए। साथ ही साथ उपस्थित पैनल अधिवक्ता लाभुकों पारा लीगल वॉलिंटियर को संबोधित करते हुए योजनाओं की लाभ लेने की जानकारी दिए तथा उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार को हर स्तर पर सहयोग करने के लिए तैयार है ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ मिल सके। इस कार्यक्रम में प्रफुल्ल कुमार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, पाकुड़ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ अजय कुमार गुड़िया एवं पैनल अधिवक्ता गण समीर कुमार मिश्रा, मोहम्मद शमीम आलम, पारा लीगल वॉलिंटियर कमला राय गांगुली पिंकी मंडल शयामली, नीरज कुमार राऊत, खुदु राजवंशी, उत्पल मंडल चंद्रशेखर घोष तथा





विभिन्न विभागों से आए हुए पदाधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रभारी पाकुड़ राकेश कुमार, उपायुक्त वरुण रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी पाकुड़ रजनीश कुमार एवं न्यायिक पदाधिकारियों के द्वारा कोविड-19 दौरान अपने पिता को खोने वाले 5 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ जेएसएलपीएस के द्वारा एस एच जी की पांच महिला समूह को रू 300000 करके रू 1500000 की परिसंपत्ति श्रम विभाग के द्वारा 5 लाभुकों को निर्माण सेफ्टी किट हेतु प्रति लाभुक रू 1000 करके राशि जिला ग्रामीण विकास अभिकरण पाकुड़ के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 6 लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना कृषि विभाग पाकुड़ के द्वारा दो लाभुकों को पीएम किसान ऋण योजना का लाभ प्रखंड विकास पदाधिकारी पाकुड़ के कार्यालय से चार लोगों को जॉब कार्ड तथा 5 लाभुक को दीदी बाड़ी योजना का लाभ तथा नगर परिषद की ओर से 5 लाभुकों को लाभ प्रदान कराया गया तथा आईटीडीए विभाग पाकुड़ के द्वा- रा दो लोगों को वन पट्टा का लाभ दिया गया.जिला प्रशासन पाकुड़ एवं न्याय प्रशासन पाकुड़ के संयुक्त प्रयास से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाकर योजनाओं की प्रदर्शनी एवं जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में पाकुड़ वन प्रमंडल विभाग, समेकित जनजाति विकास अभिकरण पाकुड़, झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड पाकुड़, कृषि विभाग पाकुड़, जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, जिला ग्रामीण अभिकरण पाकुड़, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग पाकुड़, पाकुड़ नगर परिषद, इंडियन पोस्ट पेमेंट बबैंक, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पाकुड़, झारखंड शिक्षा परियोजना पाकुड़, एवरेट मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट पाकुड़, श्रम विभाग पाकु- ड़ और जेएसएलपीएस शामिल हुए। जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ अजय कुमार गुड़िया के द्वारा जानकारी दी गई कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ एवं एवरेट मिशन पाकुड़ के सहयोग से बाल तस्करी पर रोक लगाने के लिए मोटर बाइक रैली का आयोजन न्याय सदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से प्रारंभ की गई जिसमें न्यायिक पदाधिकारी गण एवरेट मिशन के एलेक्स सेम एवं उनके सहयोगी शामिल हुए। साथ ही साथ तेजस्विनी ग्रुप की किशोरियों के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह रैली हिरणपुर होते हुए लिट्टीपाड़ा प्रखंड में पहुंची और कार्यक्रम आयोजित किया तथा उनके द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि जिला स्तर पर छात्र छात्राओं का ड्रॉइंग प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता स्लोगन राइटिंग और फिल्म निर्माण से संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन राज प्लस टू हाई स्कूल में किया गया। जिसमें ड्रॉइंग प्रतियोगिता में निर्मला टूडू प्रथम, संचिता मंडल द्वितीय, मुस्कान खातून तृतीय, निबंध प्रतियोगिता में शीलू कुमारी प्रथम, चंदन पंडित द्वितीय, याकूब पहाड़िया तृतीय, नारा लेखन प्रतियोगिता में बाबूलाल मुर्मू प्रथम, नीलम कुमारी द्वितीय खोकन रविदास तृतीय तथा फिल्म निर्माण प्रतियोगिता में रानी ज्योतिर्मयी बालिका उच्च विद्यालय की छात्राएं प्रथम स्थान प्राप्त की तथा हरिणडागा उच्च विद्यालय पाकुड़ के छात्रों के समूह ने दितीय स्थान प्राप्त किया उन्हें सचिव अजय कुमार गुड़िया के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान की गई।

## कोल कंपनी से बकायादारों की बैठक, सीएम, सहित डीसी एसपी को देंगे मांग पत्र

**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** जिले के अमड़ापाड़ा स्थित अमीरजोला पैनम कोल कंपनी के कार्यालय परिसर में पचुवाड़ा सेंट्रल कोल ब्लॉक के ट्रांसपोर्ट और बकायेदारों द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में ट्रांसपोर्टर्स एंड कांट्रेक्टस एसोसिएशन पचुवाड़ा सेंट्रल कोल ब्लॉक के बैनर तले दर्जनों की संख्या में ट्रांसपोर्ट वाहन मालिक शामिल थे. इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व के सभी बकाया राशि को एकमुश्त भुगतान करने, पूर्व की भांति सभी ट्रांसपोर्टरों को ट्रांसपोर्टिंग देने एवं स्थानीय लोगों को रोजगार देने सहित विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई. जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही जिले के उपायुक्त एसपी से मुलाकात कर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे. इसके अलावा मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, डीजीपी, पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, दिलीप बिल्डकॉन के अधिकारी एवं स्थानीय विधायक व सांसदों को भी मांग पत्र भेजा जाएगा. 1 अप्रैल 2015 से पूर्व पचुवाड़ा सेंट्रल कोल ब्लॉक के कोयले का उत्खनन एवं परिवहन का काम पैनम कोल माइंस लिमिटेड कर रही थी. 1 अप्रैल 2015 से पचुवाड़ा सेंट्रल कोल ब्लॉक बंद हो गया और पैनम कंपनी ट्रांसपोर्टर तथा कांट्रेक्टर का करोड़ों रुपया लेकर फरार हो गया. बंद पड़े कोल माइंस को संचालित करने के लिए भारत सरकार की ग्रुप ऑफ मिनरल्स द्वारा लिए गए निर्णय के बाद पचुवाड़ा सेंट्रल कोल ब्लॉक को पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड को आवंटित कर दिया गया है. अब पचुवाड़ा सेंट्रल कोल ब्लॉक कोयला खदान का उत्खनन कार्य दिलीप बिल्डकॉन जो मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश की संयुक्त कंपनी ने सर्वाधिक कम बोली लगाकर सेंट्रल कोल ब्लॉक को अपने नाम कर लिया है. बैठक में राजीव पांडे, हाकिम मोमिन, मंटू भगत, मनोज भगत, कुंदन भगत, रवि कुमार, शंभू भगत, सुनील, संजय, चंदन, प्रवीण, सरवन, पिंटू सिंह, विक्रम सिंह, विनोद भगत सहित दर्जनों ट्रांसपोर्टर्स मौजूद थे.

## संक्षिप्त समाचार

### मछली गांव में डेगन साव के घर में लगी आग, हजारों का हुआ नुकसान



**देवरी/गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के गुनियाथर पंचायत अंतर्गत मछली गांव में डेगन साव पिता हुबली साव के घर आग लग गई।स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता है हजारों का नुकसान हो चुका। स्थानीय लोगों ने बताया कि घर पर कोई भी मौजूद नहीं था सभी खेतों में गए हुए थे धान की कटाई के लिए, ऐसे में आग किसने लगाई कैसे लगी कारण का पता नहीं चल पाया है। मामले की सूचना स्थानीय थाना को देने का प्रयास किया गया लेकिन दूरभाष में बात नहीं हो पाई। अभी तक थाना से किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई है। इधर समाजसेवी नवल राय, कृष्ण लाल साव, माले नेता अजीत शर्मा ने पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढाड़स बंधाया।

### भंडारी पंचायत कोरोना टीका मामले में सबसे पीछे : बीडीओ



**गिरिडीह/ झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** तिसरी प्रखंड विभिन्न पंचायत के शत प्रतिशत युवा, युवती, महिला पुरुष और वृद्ध लोगों को कोरोना का टीका दिलवाने हेतु शनिवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में तिसरी बीडीओ संतोष प्रजापति की अध्यक्षता में तिसरी प्रखंड के कुल 76 जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ बैठक आयोजित किया गया। बीडीओ ने कहा स्वास्थ्य विभाग तिसरी का आंकड़ा के अनुसार तिसरी प्रखंड में अब भी 28 हजार लोग कोरोना टीका से वंचित है। जिसमें भंडारी पंचायत सबसे पीछे है मात्र 50% लोगों को ही टीका लग पाया है। तिसरी, गुमगी और सिंघो तीन पंचायत कोरोना से बचाव हेतु 90 प्रतिशत लोग टीका ले चुके है। शेष खिजुरी, मंसाडीह, चंदौरी, पलमरुआ, थानसिंगड़ीह, बरवाडीह, खरखरी, गड़कुरा पंचायत में भी मेहनत करने की जरूरत है। सरकार के निर्देशानुसार नवंबर माह के भीतर सभी को टीका लग जाना है। इस कार्य में जनवितरण दुकानदार, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, पोषण सखी, एएनएम, सहिया, यूनिसेफ, स्कूल और चेतना विकास के कार्यकर्तागण समेत सभी विभागीय अधिकारी लगे हुए हैं। उन्होंने कहा आगामी 16नवंबर से सरकार आपके द्वार तिसरी प्रखंड के हर पंचायतों में आयोजित की जायेगी। उस कार्यक्रम के माध्यम से भी लोगों को जागरूक कर वंचित सभी लोगों को कोरोना का टीका दिलाया जायेगा और विशेष प्रचार प्रसार भी किया जायेगा।

इस मौके तिसरी सीओ असीम वाड़ा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पवन कुमार सिन्हा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, बीएएम रितेश कुमार, कंप्यूटर सहायक प्रवीण कुमार, यूनिसेफ, स्कूल और चेतना विकास के कार्यकर्तागण, जनवितरण दुकानदार बिरेंद्र राय, सीता राम किस्कू, हरीश साह, रामचरित्र यादव, अर्जुन राम, सुखदेव सिंह, इंद्रदेव बरनवाल, पंकज साह, मुन्ना राणा, प्रकाश पासवान, इब्राहिम मियां, नंदलाल हांसदा, बिकास यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### कोरोना महामारी बचाव हेतु लगाया गया टीकाकरण कैंप

**सारठ/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** देवघर जिला के स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार सारठ प्रखंड के अंतर्गत अलुवारा पंचायत के मध्य विद्यालय डुमरिया में,आराजोरी पंचायत के पंचायत भवन में, बभंगामा पंचायत के पंचायत भवन में,बागडबरा पंचायत के ग्राम नगडा के राणा टोला में,बड़बाद पंचायत के पंचायत भवन में कोरोना महामारी से बचाव हेतु टीकाकरण का कैंप आयोजित किया गया।टीकाकरण कैंप में लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। वही टीकाकरण में 18 वर्ष से अधिक लोगो को पहला डोज एवं दूसरा डोज भी दिया गया। सूत्रों की माने तो खबर मिलने तक लगभग 12 सौ लोगों ने टीका लगवाया।इस टीकाकरण अभियान में टीका कर्मी,स्थानीय सहिया,स्थानीय सेविका सहायिका,पंचायत सचिव,स्थानीय डीलर,स्थानीय कृषक मित्र मौजूद थे।

# उपायुक्त ने कोविड वैक्सिनेशन व आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आदि को ले की बैठक

## वैक्सिनेशन कार्य में सेशन साइट्स एवं टीम की संख्या को बढ़ाएं तथा बेहतर कार्य योजना तैयार करते हुए वैक्सिनेशन प्लान का उचित क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं:- उपायुक्त...

- **सेकंड डोज लेने वाले लाभुकों पर फोकस करें, कॉल सेंटर को एक्टिव करें तथा ड्यू लिस्ट के अनुसार माइक्रो प्लान तैयार करें ...**
- **कोविड वैक्सिनेशन की ऑनलाइन पोर्टल एंट्री को अपटूडेट रखने का दिया निदेश...**
- **जिले के सभी पंचायतों में ₹आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार₹ कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश...**

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**गिरिडीह।** आज उपायुक्त की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोविड-19 वैक्सिनेशन एवं राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर 2021 तथा राज्य सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 16 नवंबर से 28 दिसंबर तक आयोजित होने वाले ₹आपके अधिकार- आपकी सरकार आपके द्वार₹ कार्यक्रम को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/सभी अंचलाधिकारी/सभी एमओआईसी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त द्वारा प्रखंडवार कोविड-19 वैक्सिनेशन की प्रगति की समीक्षा की गई तथा जिन प्रखंडों में लक्ष्य के अनुरूप टीकाकरण का कार्य नहीं किया गया था, उक्त प्रखंड के संबंधित अधिकारियों को सख्त निदेश दिया गया कि सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करें। कोविड-19 वैक्सिनेशन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए चरणबद्ध तरीके से टीकाकरण का कार्य सुनिश्चित करें। साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए टीकाकरण कार्य में सुधार लाएं तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करते हुए शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने गिरिडीह जिले में कोविड-19 वैक्सीनेशन की सराहना करते हुए कहा कि कोविड-19 वैक्सिनेशन में जिले का प्रदर्शन अच्छा रहा है तथा इसे और बेहतर करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण कार्य के दौरान यह सुनिश्चित करें कि टीकाकरण स्थल पर आए हुए सभी लोगों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी लाभुकों का तामिला अच्छे से हो तथा टीका लेने के पश्चात कर्मी को उनके द्वारा अपनाने वाले एवं अनुपालन करने वाले कार्यों की जानकारी दें। सेशन साइट्स एवं टीमों की संख्या बढ़ाते हुए वैक्सिनेशन की कार्यों में तेजी लाएं तथा सभी प्रखंडों में कॉल सेंटर को ऐक्टिव करें। कॉल सेंटर के माध्यम से लाभुकों को कैंप में बुलाकर उनका टीकाकरण सुनिश्चित कराएं। साथ ही ऑनलाइन पोर्टल एंट्री निश्चित रूप से अप टू डेट करते रहे। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया कि ड्यू लिस्ट के अनुसार माइक्रो प्लान तैयार करें तथा नियमित रूप से टीकाकरण कार्य की मॉनिटरिंग करे एवं यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक टीम द्वारा काम से कम 100 लोगों को वैक्सीन लगाई जाय तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें।

- **वैक्सिनेशन कार्य में प्रगति सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश...**

» 1. वैक्सिनेशन कार्य में बी.एल.ओ का सहयोग लें। सभी बी.एल.ओ से वोटर लिस्ट प्राप्त कर छूटे हुए लोगों को चिन्हित करें।

» 2. जहां वैक्सिनेशन कैंप लगेगा उसकी सूचना एक दिन पूर्व में ही माइकिंग के जरिए प्रचार प्रसार करवाना सुनिश्चित करें।

» 3. वैक्सिनेशन कार्य में ए.एन.एम/सहिया/सेविका/सहायिका/पोषण सखी/स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का सहयोग लें। साथ ही कैंप मोड को प्रोत्साहित करें।

» 4. वैक्सिनेशन टीम द्वारा की जा रही टीकाकरण कार्य की सभी डॉक्टर्स सुपरविजन करेंगे।

» 5. सभी टीमों के पास ड्यू लिस्ट एवं ओवर ड्यू लिस्ट होना अनिवार्य होगा।

» 6. सभी प्रखंडों/पंचायतों/ग्रामों में टीकाकरण अभियान का बड़े पैमाने पर व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराएं।

» 7. प्रतिदिन कंट्रोल रूम से वैक्सिनेशन टीम की प्रगति की जानकारी प्राप्त करेंगे।

- **टीकाकरण अभियान के तहत दूसरे डोज लेने वाले लाभुकों पर विशेष ध्यान दें, दूसरे डोज की तारीख से एक**



**दिन पूर्व लाभुकों को फोन कर सही समय व स्थान की जानकारी उपलब्ध कराएं:- उपायुक्त...**

- **टीकाकरण अभियान में तेजी लाएं तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें:- उपायुक्त...**

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में कोविड-19 टीकाकरण अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। साथ ही साथ कोविड टेस्टिंग भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि हमारे यहां फर्स्ट डोज लेने वाले लाभुकों की संख्या काफी अच्छी है और उसमे लगातार बढ़ोतरी भी हो रही है। परंतु सेकंड डोज लेने वाले लाभुकों की संख्या में गति लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें सेकंड डोज लेने वाले लाभुकों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने अपने प्रखंड अन्तर्गत सेकंड डोज लेने वाले लाभुकों को सेकंड डोज लेने की तिथि के एक दिन पूर्व उन्हें फोन कर दूसरे डोज, समय एवं स्थान की जानकारी उपलब्ध कराएं। साथ ही साथ समय समय पर टीकाकरण स्थल का निरीक्षण करते रहे, इस दौरान पंजी संधारण व अन्य कार्यों की जानकारी प्राप्त करें। साथ ही उन्होंने कहा कि 84 दिनों पहले टीकाकरण हेतु जहां कैंप लगाएं थे, वहां पुनः कैंप लगाकर लाभार्थियों को फोन कर कैंप में बुलाकर टीका लगवाना सुनिश्चित करें। इस कार्य में ड्ड, स्वास्थ्य कर्मियों व अन्य कर्मियों की सहायता लें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि टीकाकरण एवं टेस्टिंग के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का उचित अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रखंडों को उपलब्ध कराए गए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर का इंस्टॉलेशन एवं अन्य मेडिकल कीट का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित कराएं।

- **राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर 2021 एवं राज्य सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 16 नवंबर से 28 दिसंबर तक आयोजित होने वाले ₹आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार₹ कार्यक्रम को लेकर सभी आवश्यक तैयारियों को शीघ्र पूर्ण कर लें:- उपायुक्त...**

बैठक के दौरान राज्य स्थापना दिवस 15 नवम्बर, 2021 एवं सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 16 नवम्बर से 28 दिसंबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम के सम्बंध में उपायुक्त ने जिले के पदाधिकारियों एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/सभी अंचलाधिकारी को सभी प्रखंडों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर आवश्यक तैयारियां करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि दिनांक 16.11.2021 से 28.12.2021 की अवधि तक जिले में ₹आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार₹ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ₹आपके अधिकार- आपकी सरकार आपके द्वार₹ कार्यक्रम के दौरान जिले के सभी प्रखंडों के एक एक पंचायतों में प्रतिदिन शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयार अभी से कर लें। उपायुक्त ने कहा कि उक्त कार्यक्रम में सभी संबंधित विभागों द्वारा अपने अपने स्टॉल लगाए जाएंगे। अभी से इसका व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करना शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि ₹आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार₹ कार्यक्रम में हर एक पंचायत में वैक्सीनेशन कैंप लगाया जाएगा जहां लाभुकों का कोविड का टीका लगाया जाएगा। इस दौरान उक्त कार्यक्रम का उचित पंजी संधारण किया जाएगा। साथ ही सभी फ्लेक्स पर प्राप्त होने वाले आवेदनों की सूची मेंशन करेंगे। जिससे कि लाभुकों को आवेदन देने में सहूलियत होगी। इन शिविरों में निम्नांकित गतिविधियों को संपन्न किया जा सकेगा।

» आम नागरिकों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देना।

» झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत नया राशन कार्ड स्वीकृत करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करना ।

» राशन कार्ड हेतु प्राप्त आवेदनों के विरूद्ध स्वीकृत राशन कार्ड लाभान्वित को उपलब्ध कराना।

» अयोग्य लाभान्वितों को राशन कार्ड सरेंडर करने के लिए प्रेरित करना।

» राशन कार्ड में त्रुटि के सुधार हेतु आवेदन पत्र प्राप्त कर उस पर कार्रवाई करना।

» राशन डीलर के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों का निराकरण करना।

» नए लाभान्वितों को पेंशन का लाभ स्वीकृत करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करना।

» पेंशन हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर जांचोपरांत स्वीकृति की कार्रवाई करना तथा स्वीकृति पत्र लाभान्वित को उपलब्ध कराना।

» पेंशन प्राप्त करने में किसी लाभान्वित को हो रही समस्या का निराकरण करना।

» मनरेगा के तहत नए जॉब कार्ड हेतु आवेदन पत्र प्राप्त कर उस पर कार्रवाई करना। झारखण्ड लौटने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए प्राथमिकता के आधार पर जॉब कार्ड बनाना।

» मनरेगा के तहत अगर रोजगार उपलब्ध कराने हेतु पर्याप्त संख्या में योजनाएं स्वीकृत नहीं हैं तो नई योजनाओं की स्वीकृति हेतु कार्रवाई करना।

» हंड़िया बिक्री के रोजगार में संलग्न महिलाओं की पहचान कर उन्हें फुलो झानो आशीर्वाद अभियान के तहत वैकल्पिक रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराना।

» धोती साड़ी का वितरण करना।

» कंबल का वितरण करना।

» 15वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त राशि के विरुद्ध जनोपयोगी योजनाओं को स्वीकृत करना।

» कृषि ऋण माफी हेतु आवेदन प्राप्त करना तथा उस पर कार्रवाई करना।

» किसान क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करना ।

» बैंकों द्वारा स्वीकृत किसान क्रेडिट कार्ड लाभान्वित को उपलब्ध कराना।

» कैंप में उपस्थित ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करना।

» कोविड वैक्सीनेशन की सुविधा उपलब्ध कराना।

सेवा का गारंटी अधिनियम के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही विभिन्न सेवाओं यथा- जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा-पेंशनादि से संबंधित लंबित मामलों का त्वरित गति से निस्तारण करना।

» असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का 'ई–श्रम पोर्टल पर निबंधन कराना।

» लंबित दाखिल–खारिज वादों का निष्पादन करना।

» भू–मापी के लंबित मामलों का निष्पादन करना।

» निर्विवादित मामलों में लगान रसीद निर्गत करना।

» मुख्यमंत्री पशुधन योजना एवं रोजगार सृजन योजना के आवेदन सृजित करना।

- **बैठक में उपायुक्त द्वारा सभी विभागों को आवश्यक तैयारी हेतु निदेश दिए गए।**

बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी एमओआईसी, डीपीएम, एनएचएम व अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# व्यवहार न्यायालय परिसर, गिरिडीह में भारतीय न्याय व्यवस्था की उपलब्धियों के 75 वर्ष थीम पर लगाई गई प्रदर्शनी

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**गिरिडीह।** पैनइंडिया अवयेरनेस एवं आउटरीच कार्यक्रम के तहत एवं भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं माननीय झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के तत्वाधान में भारत की न्यायिक व्यवस्था की उपलब्धियों के 75 वर्ष के थीम पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में पोस्टर, बैनर, एवं विभिन्न प्रकार के पत्र पत्रिकाओं के माध्यम से आम जनता को जागरूक कराया गया। साथ ही साथ इस प्रदर्शनी में गिरिडीह शहरी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर न्यायपालिका के द्वारा किए जा रहे कार्यों को नजदीक से जाना एवं समझा। भारत की



न्यायिक व्यवस्था के गौरवशाली इतिहास के बारे में छात्र-छात्राओं ने इस प्रदर्शनी के माध्यम से उत्सुकता पूर्वक समझने का प्रयास किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश(प्रभारी) सह अध्यक्ष महोदय (प्रभारी), गोपाल पांडेय, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायधीश चतुर्थ, आनंद प्रकाश, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गिरिडीह, मिथिलेश कुमार सिंह, सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, संदीप कुमार बर्तम, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुश्री सीमा कुमारी मिंज, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुश्री श्रुति सोरेन, जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव चुन्नू कांत के पावन कर कमलों द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर एवं इन सभी गणमान्यों की गरिमामय उपस्थिति में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। तत्पश्चात मकतपुर उच्च विद्यालय गिरिडीह, सर जे सी बोस बालिका उच्च विद्यालय गिरिडीह, रानी लक्ष्मीबाई बालिका मध्य विद्यालय गिरिडीह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मध्य विद्यालय गिरिडीह, कमला नेहरू बालिका मध्य विद्यालय गिरिडीह, बंगाली बालिका मध्य विद्यालय गिरिडीह एवं +२ उच्च विद्यालय गिरिडीह से सैकड़ों की संख्या में आए हुए छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों तथा अन्य आम जनों ने इस प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टाल पर जाकर बारी बारी से पर्चा, पंपलेट, बैनर, पोस्टर, डिस्प्ले बोर्ड का निरीक्षण किया।

सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, संदीप कुमार बर्तम ने उपस्थित छात्र छात्राओं को प्रदर्शनी में शामिल डिस्प्ले के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया। उन्होंने जिला न्यायालय से लेकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय तक के क्रियाकलापों एवं आम जनों के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय तथा माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं माननीय झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों के बारे में छात्र-छात्राओं को तथा आम जनों को विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया। इस प्रदर्शनी में विद्यालयों से आए हुए छात्र छात्राओं ने पूरी तन्मयता के साथ शामिल होकर जिज्ञासा पूर्वक सभी चीजों को देखा समझा एवं जानने का प्रयास किया। उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों ने भी छात्र छात्राओं को उनके द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों का संतोषप्रद जवाब देकर उन्हें भारतीय न्यायपालिका के गौरवशाली परंपरा के बारे में अवगत कराया।

### विवाहिता का शव उसके कमरे में फंदे से झूलता हुआ पाया गया



**गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** गिरिडीह के बिरनी थाना इलाके के बलगो गांव में शुक्रवार की देर रात विवाहिता 30 वर्षीया महिला रिंकी देवी का शव उसके कमरे में झूलता हुआ पाया गया। मृतका तीन बच्चों की मां थी। विवाहिता का शव उसके कमरे में फंदे से झूलने की सूचना देर रात ही बिरनी थाना पुलिस को मिल गई थी। लेकिन इलाका नक्सल प्रभावित होने के कारण पुलिस आज शनिवार की सुबह घटनास्थल पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली। फिलहाल ये स्पष्ट नही हो पाया है कि रिंकी देवी ने पति राजेश मंडल के साथ हुए विवाद के कारण आत्महत्या की है या विवाद के कारण उसकी हत्या की गई। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

इस दौरान पुलिस मृतका के मायके वालों के आने का भी इतंजार कर रही थी। जिससे घटना का सही कारण सामने आ सके। लेकिन थाना प्रभारी की माने तो देर रात सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मृतका के शव को फंदे से उतारने का सुझाव इलाके के मुखिया को दिया। वहीं दूसरे दिन पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम पति राजेश मंडल के कहने पर मृतका रिंकी देवी ने मछली बनाई थी।

# एसएसबी जवान बन फल विक्रेता से 71 हजार ठगे

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**दुमका।** एसएसबी बटालियन के नाम पर साइबर ठगों ने फल विक्रेता का कई किस्तों में 71,500 रुपये की चपत लगा दिया। ठगी के शिकार एपी फ्रुट संचालक अफताब यूनुस ने नगर थाना में लिखित शिकायत की है। अफताब ने बताया कि शुक्रवार को एसएसबी बटालियन कैंप, विजयपुर के नाम से काल आई, जिसमें बटालियन के 10 दिनों के विशेष कैंप को लेकर फल का आर्डर दिया। 40 किलो संतरा, 50 किलो सेब समेत अन्य फलों का प्रतिदिन के हिसाब से बिल 18,300 हुआ। शनिवार को फलों की डिलीवरी 10 बजे तक होनी थी। फोन कॉल के मुताबिक फल विक्रेता ने फलों की टोकरी पैक कर दिया। फोन कर फल ले जाने और पेमेंट करने की बात पर एसएसबी बटालियन में कुछ आवश्यक काम होने का हवाला देकर नहीं आने और फल दुकानदार को भेजने की व्यवस्था के लिए कहा। बाद में पे-फोन से फल विक्रेता को एक रूपये ट्रांसफर करने करने को कहा। फल विक्रेता ने एक रुपये पेमेंट करने पर साइबर ठगों ने बदले में दो रूपया पेमेंट किया। विक्रेता के दो रुपये पेंमेंट करने की बात पूछने पर ठगों ने कहा कि हमारे यहां सिस्टम में एक रूपये पेमेंट करने पर दो रूपया किसी के खाते में जाता है। उसके बाद 5 दिन का एडवांस पेमेंट करने को लेकर साइबर ठग ने फल विक्रेता को झांसे लिया। इस प्रकार पहले 2500 रुपये अपने खाते में डालने को कहा, जिससे वह पांच हजार रुपये पेमेंट कर सके। दो किस्तों में अफताब ने 6600 रुपये साइबर ठगों के अकाउंट में पेमेंट कर दिया। इसके बाद किसी कारण पे-फोन में तकनीकि गड़बड़ी हो गई। बाद में साइबर ठगों ने किसी से सहयोग लेने को कहा। अफताब ने अपने दोस्त मोहसिन से सहयोग लिया। तीनों फोन पर कांफ्रेंस में रहे। इस दौरान साइबर ठगों ने मोहसिन को भी झांसे में ले लिया। मोहसिन को भी पांच हजार रुपये पेमेंट करने को कहा, उसके बाद धीरे-धीरे साइबर ठग रकम बढ़ाते गए। फल विक्रेता और उसके साथी कुछ समझ पाते तब तक छह किस्तों में साइबर ठग मोहसिन के खाते से अपने खाते में 64,900 रूपये ट्रांसफर करवा चुका था। संदेह होने पर फोन काट खाता चेक किया। तब तक साइबर ठगों ने फल विक्रेता और उसके दोस्त को 71,500 रुपये की चपत लगा दी थी। मामले में लिखित शिकायत पर नगर थाना पुलिस साइबर एक्ट के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज करते हुए जांच में जुट गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### पिरामल मोबाइल वैन के सहयोग से कोविड टिकाकरण कैम्प का आयोजन



**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** अमड़ापाड़ा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पचुवाड़ा अमड़ाटोला में पिरामल स्वास्थ्य के मोबाइल वैक्सीनेशन टीम द्वारा कोविड टिकाकरण मेघा कैम्प के अवसर पर कैम्प लगाकर ग्रामीणो को प्रथम डोज़ एवं दूसरा डोज़ लगाया गया। पिरामल स्वास्थ्य के मो शमीम अख्तर ने लोगों को कोविड वैक्सीनेशन लेने के लिए प्रेरित किया साथ ही लोगों को कोविड अनुरूप व्यवहार के बारे में समझाया साथ ही सम्भावित कोविड के तीसरे लहर से लोगो को अवगत कराया गया। 12 नवम्बर से 16 नवम्बर तक कोविड वैक्सीनेशन मेघा कैम्प का आयोजन होना है। प्रखंड के लोगो का शत प्रतिशत कोविड टिकाकरण का लक्ष्य को प्राप्त करना सुनिश्चित किया गया है। मौके पर कोविड टिकाकरण के लिये पिरामल के अतिरिक्त प्रखण्ड परिवर्तन पदाधिकारी मो शमीम अख्तर, एएनएम नयनतारा मुर्मू, सीएचओ मेनका कुमारी, बीटीटी चारलेस किस्कु, सहिया सुहागनी सोरेन, सेविका पानसुरि कोलिन के साझा प्रयास एवं बेहतर समन्वय से आयोजित मेघा कोविड टीकाकरण कैम्प में प्रथम डोज़ के लिए 42 एवं दूसरा डोज़ के लिए 68 के साथ कुल 110 ग्रामीणों को कोविड टीकाकरण से प्रतिरक्षित कराने में सहयोग किया गया।

### उपायुक्त को दिया आवेदन



**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** जिले के जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन एवं लिट्टीपाड़ा के कंचनगढ़ पहाड़ में वीर सिद्धू कानू मुर्मू का 100 फिट मूर्ति का निर्माण को लेकर जिला परिषद अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू ने उपायुक्त को दिया आवेदन। जिला परिषद अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है यह दिवस जनजाति नायकों को और उनके योगदान को बेहद ही अनूठा प्रयास रहा है. उन्होंने कहा कि देश में इस समय आजादी के 75 साल महोत्सव मना रहा है और इस अवसर पर यह निर्णय जनजाति समाज के ज्ञात-अज्ञात योद्धाओं और वीर शहीदों का असीम सम्मान ही नहीं है बल्कि समूचे जनजाति समाज के लिए गौरव के साथ स्वाभिमान और सम्मान की बात है. उन्होंने डीसी को पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड प्राकृतिक सौंदर्य और जनजाति से हरा-भरा प्रखंड . लिट्टीपाड़ा प्रखंड स्थित कंचनगढ़ गुफा का सुंदरीकरण कार्य प्रगति में है. जनजाति गौरव के तहत हम जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड के अंतर्गत कंचन गढ़ के पहाड़ में वीर सिद्धू कानू का एक सौ फीट ऊंची मूर्ति निर्माण का प्रस्ताव रख रखते हुए इसका अभिलंब निर्माण का आग्रह डीसी से किया है।

### डीआईजी से मिले सामाजिक कार्यकर्ता



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** संथाल परगना प्रमंडल के डीआईजी सुदर्शन मंडल के साथ मुलाकात कर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सामाजिक कार्यकर्ता जतिन कुमार ने युवाओं की समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। डीआईजी सुदर्शन मंडल ने कहा कि दुमका के युवा काफी ऊर्जावान है इस ऊर्जावान को अपने समाज में लगाइए और अपना लक्ष्य हासिल कीजिए। प्रियंका कर्मकार एवं जतिन कुमार ने कहा कि दुमका के युवा के लिए प्रत्येक महीना में 1 दिन एक स्पेशल क्लास लिया जाए ताकि युवाओं आप से सीखने का मौका मिलेगा । इस अवसर पर प्रियंका कुमारी, अभिषेक रंजन, अभिषेक साहा, विश्वजीत सिंह आदि मौजूद थे।

# पीएम आवास निर्माण पर लगी रोक

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**दुमका।** मसलिया प्रखंड के बड़ा डुमरिया पंचायत के गाड़ापाथर मौजा के दाग संख्या 177 पर हो रहे पीएम आवास का निर्माण कार्य को वन महकमा ने शनिवार को दूसरी बार रोकने की कार्रवाई की है। वन विभाग के मुताबिक निर्माणाधीन स्थल वन क्षेत्र में है। वनरक्षी रूपेश कुमार, गजेंद्र मरांडी व दिलीप झा ने आवास बना रहे लाभुकों को फिर से काम शुरू नहीं कराने की नसीहत भी दी है। वन कर्मियों ने कहा है कि जब मामला न्यायालय में है तब आदेश आने तक प्रतीक्षा करें। नियम के विरुद्ध कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

गांव के नरसिंह महतो, रतनलाल महतो, गंगाधर महतो, राजेश महतो, उज्वल महतो व गौतम महतो ने स्वीकृत पीएम आवास का निर्माण कार्य एक वर्ष पूर्व जंगल प्लाट की दाग संख्या 177 में शुरू किया है। इसको लेकर ग्राम प्रधान रामकृष्ण महतो ने 25 जून 2020 को अंचलाधिकारी को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर ग्रामीणों ने आवास का काम द्रूत गति से करते लिंटर तक पहुंचा दिया था। काम नहीं रोकने पर ग्राम प्रधान ने दोबारा अंचल कार्यालय में 22 अप्रैल 2021 को आवेदन दिया, जिस पर मसलिया के बीडीओ सह अंचलाधिकारी पंकज कुमार रवि ने जंगल झाड़ी जमीन को देखते हुए ग्रामीणों की शिकायत को वन विभाग को अग्रसारित कर दिया। वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए काम पर रोक लगा दी थी। सात महीने के बाद लाभुकों ने बिना आदेश के ही दोबारा कार्य चालू कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही दोबारा वन विभाग के कर्मियों ने आकर काम बंद करा दिया है और सख्त हिदायत दी है कि अगर निर्माण कार्य जारी रखा तो आवास को तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी।

# अक्षय नवमी पर महिलाओं ने आंवला बृक्ष की पूजा अर्चना एवं परिक्रमा कर ब्राम्हणों को किया दान

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**पाकुड़।** कार्तिकमास शुक्ल पक्ष की पावन नवमी तिथि शनिवार को पाकुड़िया समेत फुलझींझरी, गनपुरा, मोगलाबान्ध, राजदाहा, परुलिया, चौकिसाल, रामघाटी सहित प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश गांवों में अक्षय नवमी पर्व मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अहले सुबह स्नान के उपरांत पवित्र हो कर पाकुड़िया रामसीता मंदिर प्रांगण स्थित आंवले के पेड़ के नीचे विधिवत पूजा-पाठ कर लाल धागे के साथ पेड़ की परिक्रमा किया। ब्राह्मणों को गुप्तदान के उपरांत जी भरकर मिष्ठान्न भोजन कराया और स्वयं भी पेड़ के नीचे ही आसान लगाकर भोजन किया। ऐसी मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान व आंवला पेड़ के नीचे भोजन करने से अक्षय पुण्य प्राप्त होता है। इस मौके पर विद्वान पुजारी व पंडित अरुण कुमार झा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी से लेकर पूर्णिमा तक भगवान विष्णु आंवले के पेड़ पर निवास करते हैं। इस दिन आंवला पेड़ की पूजा-अर्चना कर दान-पुण्य करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। अन्य दिनों की तुलना में नवमी पर किया गया दान-पुण्य कई गुना अधिक अक्षय लाभ दिलाता है। ऐसी मान्यता है कि आंवला पेड़ की पूजा कर 108 बार परिक्रमा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसलिए श्रद्धालुओं ने पेड़ की परिक्रमा कर आशीर्वाद लिया। पूजा-अर्चना के बाद खीर, पूड़ी, सब्जी और मिष्ठान्न आदि का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया।

# अनुमंडल पदाधिकारी में सीओ को पत्र जारी कर दिया निर्देश नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटाने का निर्देश

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**सारवां देवघर।** भंडार मौजा के दाग नंबर 1531 कुल रकबा 3 एकड़ 56 डिसमिल गोचर जमीन पर अतिक्रमण के मामले में ग्रामीणों द्वारा लगातार सामूहिक रूप से विरोध जताए जाने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने अंचला अधिकारी को पत्र जारी कर वर्णित तथ्यों का स्थली य जांच करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही उत्क्रमित जमीन पर किए जा रहे अतिक्रमण को रोकते हुए अतिक्रमण को हटाना सुनिश्चित करने का निर्देश जारी किया है ग्रामीणों के दिए गए आवेदन में जिक्र किया गया है कि 1928 29 मई संबंधित दाग के जमीन गोचर भूमि के खतियान में नाम से दर्ज लेकिन एक समुदाय विशेष द्वारा जबरन संबंधित जमीन को कब्रिस्तान के लिए घेराबंदी किया जा रहा है इसे लेकर पूर्व में उपायुक्त देवघर अनुमंडल पदाधिकारी देवघर अंचलाधिकारी सारवां थाना प्रभारी सारवां को आवेदन देकर उचित कार्यवाही की मांग की गई थी ग्रामीण नंदकिशोर वर्मा, विनोद महतो, रुपेश वर्मा, प्रकाश वर्मा , गणेश्वर महादेव वर्मा गुरु वर्मा ,विनोद वर्मा भीम वर्मा,ने बताया कि अभी वहां कार्य जारी है जिस पर प्रशासन की ओर से रोक नहीं लगाया गया है प्रशासन को नियम संगत कार्रवाई करनी चाहिए गोचर का कभी नेचर चेंज नहीं होता है यह जांच का विषय है और इसकी जांच करते हुए उचित कार्यवाही की जानी चाहिए इधर अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने सीओ को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि आवेदक के द्वारा संबंधित आवेदन की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजते हुए निर्देश दिया जाता है कि आवेदन में वर्णित तथ्यों का स्थलीय एवं अभिलेख यह जांच उपरांत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए अधिक्रमित जमीन पर किए जा रहे अतिक्रमण को रोकते हुए किए गए अतिक्रमण को हटाना सुनिश्चित करें इसके बावजूद भी संबंधित स्थल पर इटा बालू गिराना जारी है अंचला अधिकारी वैभव कुमार सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि निर्देश प्राप्त हुआ है जांच कर रिपोर्ट अनुमंडल कार्यालय को समर्पित किया जाएगा थाना प्रभारी कुमार अभिषेक ने संबंधित स्थल पर शांति बनाए रखने की अपील की है इसी प्रकार से संबंधित स्थल पर विवाद उत्पन्न ना करें ऐसा करने पर नियम संगत कार्यवाही की जाएगी

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के तहत प्रखंड परिसर में विधिक जागरूकता शिविर

**जामताड़ा/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** नारायणपुर : प्रखंड सभागार में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के तहत भारत 75 वां अमृत महोत्सव के अवसर पर सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया इसमें मुख्य अतिथि खुशबू त्यागी (जज) व्यवहार न्यायालय जामताड़ा ने जनता से अवगत हो कर कनुनि संबंधित समस्या से कैसे निजात मिले इस विषय पर विस्तार से चर्चा किया गया साथ ही साथ परिसंपत्ति का वितरण किया गया जिसमें झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के दस सखी मंडल के समूहों को दस लाख का चैक दिया , प्रधानमंत्री आवास का स्वीकृति पत्र ,पशु सेड का स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि किसी भी तरह का समस्या के लिए आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं या प्रखंड अस्तर पर विधिक सहायता केंद्र मैं पैरा लीगल वालंटियर मोहम्मद महफूज आलम, प्रदीप रजक कार्यरत है उनसे भी संपर्क करके आप सलाह मशवरा ले सकते हैं इसमें कार्यक्रम में उपस्थित प्रधानमंत्री आवास के प्रखंड समन्वयक तापस लायक ,प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेंद्र सिंह जेएसएलपीएस ब्लॉक एंकर पर्सन नूर आलम ,संकुल समन्वयक, परवेज आलम ,राहुल मोदी के अलावे अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



## पथरड्डा ओपी प्रभारी चंदन कु पांडेय ने सारठ थाना में थाना प्रभारी के रूप में किया योगदान

**सारठ/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** शनिवार को पथरड्डा ओपी के प्रभारी चंदन कुमार पांडेय ने सारठ थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण किया।

बताते चले कि देवघर पुलिस कप्तान धनन्जय कुमार सिंह ने तत्काल प्रभाव से निवर्तमान थाना प्रभारी करुणा सिंह को निलंबित करते हुए लाइन हाजिर कर दिया है। इसके उपरांत पथरड्डा (ओपी) के प्रभारी चन्दन कुमार पाण्डेय ने थाना प्रभारी सारठ के रूप में शनिवार को योगदान किया।



वहीं योगदान के उपरांत सारठ थाना प्रभारी चन्दन कुमार पांडेय ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता क्राइम कंट्रोल,एवं अवैध उत्खनन पर रोक लगाना,अवैध कारोबारियों पर समेत अपराधियों पर नकेल कसा जाएगा।

वही उन्होंने कहा कि पीड़ित एवं शोषित लोगों को न्याय दिलाने के प्रयास साथ कोरोना गाइडलाइन का अक्षरशः पालन कराना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

## कविताएं

---

### सवालें


---

(1)

उनके,
मानकहीन व्यवहारों से,
नकारात्मक चिंतन से,
इतना तो प्रतीत होता है कि,
वो,
मानसिक रूप से विक्षुब्ध है,
त्रस्त है, तंग है,
सांवेगिक रूप से अपंग है,
उतना ही अपरिपक्वहै,
क्योकि वो,
अब भी ,
यथार्थ को समझते नही,
सच को स्वीकारते नही,
उल्टे व्यामोही आचरणों में,
खुद को डुबो चलते है,
कल्पनाओं की क्या बात करें,
वो विभ्रमो में जिंदगी जीते है,
उल्टे औरों के,
व्यवहारों पर शक करते है,
अच्छाइयों की नेक नियति पर,
करते वो ,
अब भी कई सवाल है,
बेवजह मचाते बबाल है,
दूसरों की भावनाओं का,
रखते नही कोई ख्याल है।
लोकतंत्र के सौंदर्य आंगन में
न जाने कैसे पनपी यह कैसी सुरसामयी व्यथा है,
जिसे देखो शिद्दत से पूज रहा
हर दफ्तर , दुकान व संस्था है।
आखिर क्यों ????

(2)

वो
'या देवी सर्वभूतेषु ...
की आराधना करते है,
क्या इसलिए
कि ,
नजरों में उनके,
'देवी दुर्गा ' सर्वशक्तिमान है,
या,
नारियों के प्रति उनका सम्मान है,
या ,
अचेतन की इच्छापूर्ति की कोई याचना है,
जो चढ़ा रहे लाखों का चढ़ावा है,
या फिर
अंधविश्वास का छद्म व्यवहार,
ढोंग या फिर कोई छलावा है,
भक्ति भाव है या कोई दिखावा है,
या,
रक्षा प्रक्रम का कोई मनोवैज्ञानिक उपाय है,
या,
पाप के भय से बचने का,
किसी संत ज्योतिष का सुझाव है
या
मानसिक तनाव है,
दर्द का भाव है
यदि यह नही तो,
सवाल यह होता है कि
आखिर महिलाओं के प्रति
इतनी आक्रोश क्यो ?
पूर्वाग्रह क्यो ?
इतनी नकरात्मकता क्यो ?
यह जानते हुए कि
वो प्रकृति है,
जगत जननी है,
बावजूद इस सच्चाई के,
महिलाओं के साथ होता अत्याचार है,
शोषण,जुल्म,हत्या,बलात्कार है,
क्यो नैतिकता गिरा इतनी,
आबरू बेचने का करते व्यापार है,
क्या यही शेष मानव संस्कार है ?



**प्रस्तुति**

---

डॉ विनोद कुमार शर्मा
असिस्टेंट प्रोफेसर
सचिव
विश्वविद्यालय तनाव प्रबंधन प्रकोष्ठ
स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग,
सिकामु विवि, दुमका।

# पॉपुलर क्लब में हुआ जगद्धात्री पूजा का आयोजन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**दुमका ।** पॉपुलर क्लब दुमका में शनिवार को एक दिवसीय जगद्धात्री पूजा का आयोजन कियाक्षगया। सुबह सात बजे बड़ी संख्या में महिलाओं पुरुषों के द्वारा बड़ा बाँध से कलश में जल भरकर धर्मस्थान होते हुए क्लब में लाया गया जहाँ पुरोहित नारायण चक्रवर्ती के द्वारा सप्तमी, अष्टमी व नवमी पूजन किया गया। विदित हो कि देवी जगद्धात्री देवी दुर्गा का ही एक रुप है। माता जगद्धात्री की कहानी मुखय रुप से केना उपनिषद व कात्यायनीतंत्र में पाई जाती है।

इस दौरान प्रसाद व भोग का वितरण भी किया गया। विदित हो कि विगत कई वर्षों से दुमका के सौ वर्षों से अधिक पुराने पॉपुलर क्लब मे जगद्धात्री पूएआ का आयोजन किया जाता रहा है। भक्तों ने माँ जगद्धात्री का दर्शन के दौरान कोरोना के नियमों का पालन किया।

इस आयोजन में शिबू चक्रवर्ती, राखी सेनगुप्त, पार्थ सारथी मुखर्जी, अमित कुमार दे, सुमन नंदी, लिली मंडल, आबीर पाल, अर्पिता रॉय विश्वजीत राहा, सपन दे, शेखर दासगुप्त, प्रबीर सेनगुप्त, पल्लव चक्रवर्ती, सुजीत गुहा, पायल नंदी राहा, पार्थसारथी सेन, इन्दज्योति रॉय, तिलक चक्रवर्ती, प्रदीप बनर्जी, तिलकनाथ गुप्त, शुभोजीत रुज, सुब्रत दासगुप्त, पुलक दास मुख्य रुप से उपस्थित थे।





न्यू रिसर्च

# बच्चों की त्वचा की ऐसे करें देखभाल



बच्चों की त्वचा इतनी नाजुक होती है कि हल्की-सी खरोंच या रैश उन्हें बहुतही परेशानी वाली स्थिति में डाल देती है। याद रखें कि नवजन्मे बच्चों में रैशेज का खतरा अधिक रहता है। ऐसे रैशेज में से अधिकतर नुकसानदायक नहीं होते और कुछेक दिनों के अंतराल पर चले जाते हैं, फिर भी बच्चों की त्वचा संबंधी कुछ समस्याएं हैं जिन पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

**डाइपर रैश:** इस अपरिहार्य समस्या के कारण बच्चे को और माता-पिता को रात भर जागना पड़ सकता है। बच्चे के डाइपर वाले हिस्से की अक्सर जांच करते रहना पड़ती है। यदि वहां पर लाली महसूस हो तो तुरन्त डाइपर रैश क्रीम लगाएं और उस हिस्से को जितना संभव हो सके खुला और सूखा रखें। इस बात को तय करें कि डाइपर न तो बहुत ढीला हो और न ही इसे बच्चे को लंबे समय तक पहनाया जाए। जब जरूरत समझें तब इसे बदल दें।


**मुहांसे:** बच्चे के चेहरे पर दिखने वाले छोटे-छोटे मुहांसे एक बहुत ही आम समस्या है और ये कुछ ही दिनों में चले जाते हैं। इन पर कुछ भी लगाने से पूरी तरह परहेज करें।

**बर्थ मार्क्स:** बर्थ मार्क्स बच्चों में बहुत ही आम होते हैं। जब बच्चा पैदा होता है तब और जन्म के कुछ हफ्तों या महीनों तक ये निशान रह सकते हैं।

**एग्जीमा:** जिन बच्चों के परिवार में अस्थमा या एलर्जी की हिस्ट्री होती है, उनमें खुजली पैदा करनेवाली एग्जीमा की समस्या अधिक पाई जाती है। यह आम तौर पर चेहरे पर उभरती है परन्तु इसे अक्सर इसे कोहनियों, छाती या बांहों पर भी पैदा होते देखा जाता है। धीरे-धीरे यह सूखी और खुरदरी हो जाती है। इस किस्म के रैश आमतौर पर साबुनों, लोशनों या बच्चे के कपड़े धोने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले डिटर्जेंट के एलर्जिक रिएक्शन के तौर पर भी बढ़ते हैं।

**घमौरियों वाले रैश:** ये हल्के गुलाबी-लाल रंग वाले धब्बे पसीने के कारण पैदा होते हैं और गर्दन, डाइपर वाले हिस्से तथा बगलों में दिखाई देते हैं। जितना संभव हो सके अपने बच्चे को कूल और सूखा रखें। उसे ढीले-ढाले सूती कपड़े पहनाएं। बच्चे की त्वचा पर पाउडर के अधिक उपयोग से बचें। बेबी पाउडर के छोटे-छोटे दाने सांस के द्वारा बच्चे के अंदर जा सकते हैं, जिससे उन्हें असुखद महसूस हो सकता है। जब तक आपका बच्चा 4 से 6 महीने तक का न हो जाए तब तक उसके शरीर पर पाउडर का इस्तेमाल करने से बचें।

### सूखी त्वचा



अधिकतर नवजन्मे बच्चे रूखी त्वचा के साथ पैदा होते हैं। उनके जन्म के कुछ दिनों बाद यह त्वचा खुद ही उतरने लगती है। यह आम तौर पर जल्दी ही रुक जाती है परन्तु इसके कारण यदि आपको चिंता हो तो किसी जच्चा-बच्चा विशेषज्ञ से अवश्य सलाह लें।

# कैसे जानें पी रहे हैं शुद्ध पानी



रंगहीन, गंधहीन और स्वादहीन पानी शरीर के लिए बहुत जरूरी है। हमारे शरीर के प्रत्येक अंग में पानी ही पानी है, हड्डियों में भी। बिना खाये आप 18 दिन तक जी सकते हैं, लेकिन पानी के बिना आप सात दिन से अधिक नहीं जी सकते हैं। यानी पानी के बिना जीवन की कल्पना करना अतिशयोक्ति होगी। यह शरीर को बीमारियों से बचाता है और इसे स्वस्थ रखने में भी मदद करता है।

चिकित्सक नियमित रूप से 10-12 गिलास पानी पीने की सलाह देते हैं। पानी पीने के साथ सबसे अधिक जरूरी है स्वच्छ और शुद्ध पानी पीना। झरने से निकलते हुए पानी को सबसे अधिक शुद्ध माना जाता है। आरओ या यूवी का पानी साफ माना जाता है लेकिन यह स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह भी हो सकता है। क्योंकि इसमें शरीर के लिए जरूरी बैक्टीरिया भी अवशेषित हो जाते हैं। इस लेख में विस्तार से जानिए आप जो पानी पी रहे हैं वह शुद्ध है या नहीं।

### क्या आरओ है फायदेमंद

रिसर्च सेंटर ने आरओ और पानी को शुद्ध करने वाले विभिन्न उपकरणों की जांच की है। इस दौरान देश के विभिन्न शहरों में आरओ का प्रयोग करने वाले और न करने वाले घरों में बीमार पड़ने वालों का अनुपात 50:50 देखा गया।

पानी को शुद्ध करने वाले उपकरणों में खास तरह की मेंब्रेन काम करती है, जो बुरे के साथ-साथ अच्छे जीवाणुओं को भी अवशोषित कर लेती है। इससे पानी में पाए जाने वाले मिनरल, शरीर में नहीं पहुंच पाते। यही जीवाणु हमें पेट संबंधी बीमारियों से बचाते हैं।

### शुद्धता की पहचान

दरअसल अलग-अलग जगहों का पानी का टीडीएस (टोटल डिजाल्व सॉलिड) स्तर अलग-अगल होता है। इसके मानक विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने तैयार किए हैं। उसने 100 से 150 स्तर के टीडीएस को ठीक बताया है। इसलिए अगर आप अपने घर में आरओ (रिवर्स ऑसमोसिस) या यूवी सिस्टम लगवा रहे हैं तो म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन से पानी की जांच करा लीजिए। अगर टीडीएस सामान्य से अधिक हो, तभी आरओ या यूवी लगवाना चाहिए।



### बोतलबंद पानी भी नहीं है शुद्ध

अगर आपको लगता है कि आप जो मिनरल वॉटर या सप्लाई किये हुए पानी को पी रहे हैं और वह पूरी तरह से शुद्ध है तो आप गलत हैं, इसमें भी शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले जीवाणु गायर्डिया पाया जाता है। दरअसल पानी को साफ करने वाली कंपनियां नदियों, नालों, भूमिगत स्त्रोतों, आदि जगह से पानी लेकर उसे साफ करने के लिए उसमें कोएगुलेंट केमिकल डालती हैं। यह केमिकल पानी में मौजूद गंदी को पानी के तल पर पहुंचा देता है।

### भारत की स्थिति है खराब

शुद्ध और पर्याप्त पानी स्वस्थ जीवन की एक प्रमुख जरूरत है। आंकड़ों की मानें तो भारत में



केवल 30 प्रतिशत लोगों को ही साफ पीने का पानी मिलता है और वो भी पूरी तरह से शुद्ध नहीं होता है। देश के कई हिस्सों में जमीन में पानी का स्तर कम हो जाने के कारण पानी की कमी है। उद्योंगों के कचरे के कारण पानी के बहुत से स्त्रोत प्रदूषित हो रहे है। बहुत सी नदियां गंदी नालियां बन चुकी हैं, और पानी के अन्य स्त्रोत पूरी तरह प्रदूषित हो चुके हैं।

### अशुद्ध पानी से होती हैं बीमारियां

आप जो पानी पी रहे हैं वह कीटाणुरहित होना चाहिए। साथ ही उसमें नुकसान पहुंचाने वाले रसायन, गन्ध और स्वाद भी नहीं होना चाहिए। असुरक्षित और अपर्याप्त पीने का पानी कई प्रकार की बीमारियों का कारण बनता है। बारिश के दिनों में पीने का पानी साफ नहीं रहता है, इस मौसम में पानी का विशेष ध्यान रखें। साफ पानी न पीने से हैजा, उल्टी (गेस्ट्रो-एन्ट्राइटिस), टायफाएड, पोलियो, पीलिया, दस्त, त्वचा में संक्रमण हो सकता है।

जानकारी

# दूध में गुड़ डालकर पीना है कितना फायदेमंद



दूध और गुड़ दोनों ही शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं, इससे कई बीमारियों का उपचार भी होता है, अगर आपको नींद ना आने की समस्या हो तो सोने से पहले एक गिलास गर्म दूध और गुड़ मिला कर पीना चाहिये। इससे आपकी अनिंद्रा की बीमारी दूर हो जाएगी।गुड़ का सेवन करने से हमारा खून शुद्ध होता है और दूध हमारे शरीर में ऊर्जा बनाएं रखता है। ये हमारे शरीर को रिलैक्स की मुद्र में लाता है।

### पाचन को ठीक करे

पाचन से जुड़ी समस्याओं को ठीक करने में दूध और गुड़ बहुत लाभकारी होते है। इन दोनो सामग्रियों में मौजूद पोषण पेट में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने में मदद करते हैं, जिससे पाचन ठीक बना रहता है। इसे पीने से हमारी पाचन क्रिया से जुड़ी सारी समस्याएं दूर हो जाती है। साथ ही इसका सेवन करने से पेट में गैस नहीं बनती।

### कैल्शियम से भरपूर

दूध व गुड़ दोनो ही कैल्शियम के भरपूर स्त्रोत माने जाते है इसलिए शरीर को हेल्दी बनाएं रखने के साथ ही हड्डियों की बीमारियों जैसे स्टियोपोरोसिस या उम्र के साथ होने वाले जोड़ों के दर्द आदि को सुरक्षित रखता है। इसलिए हर रोज गुड़ की छोटा सा पीस अदरक के साथ मिलाकर खाएं और गरम दूध पीएं। ऐसा करने से आपके जोड़ मजबूत होंगे और दर्द भी दूर हो जाएगा।



### दूर करे पीरियड का दर्द

महिलाओं को पीरियड्स के दर्द से बचने के लिए गरम दूध में गुड़ डालकर कर जरूर पीना चाहिए। डॉक्टर हमेशा गर्भवती महिलाओं को थकावट और कमजोरी को दूर करने से लिए गुड़ का सेवन करने के सलाह देते हैं। अगर गर्भवती महिला हर रोज गुड़ खाती है तो उन्हें एनीमिया नहीं होता।

### वजन घटाने मे सहायक

अगर आप मोटापे के शिकार हैं तो इसे बचने के लिए गुड़ को शक्कर की जगह दूध या चाय में डाल कर पीएं।गुड़ और दूध वेट को कम करने में मदद करते हैं। गुड़ में प्रोटीन के रूप में एनर्जी होता है और दूध दूसरी ओर चर्बी को जलाने में मदद करता है।

# आपकी बोतल में होते हैं ढेरों बैक्टीरिया, ऐसे रखें साफ

पानी हम सब की जरूरत है और इसलिए सभी के घर और आफिस में पानी की बोतलें भी होती हैं। सही से देखभाल नहीं करने पर इनमें बैक्टीरिया जमा हो जाते हैं और कई बार बोतल से अजीब सी गंध भी आने लगती है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह की बोतल की सफाई कैसे करें, ताकि वह साफ और स्वच्छ रह सके।

### स्टेनलेस स्टील की बोतल

नमी वातावरण में बैक्टीरिया और जर्म्स पनपते हैं, लिहाजा यह कंटेनर बैक्टीरिया का प्रजनन स्थल भी बन सकता है। बाहर से साफ दिखने वाली आपकी बोतल अंदर से काफी गंदी हो सकती है। इसलिए हर दिन के अंत में पानी की बोतल को उपयोग के बाद अच्छी तरह से साफ करना चाहिए। विनेगर यानी सिरके जैसे किसी स्ट्रांग क्लीनिंग एजेंट से बोतल की सफाई करना बेहतर है।



पूरी तरह से साफ करने के लिए बोतल में सफेद सिरका करीब दो ढक्कन बोतल में डालें। ढक्कन को बंद करने के बाद पानी की बोतल को अच्छी तरह से हिलाएं। बोतल को ब्रश से साफ करें। इसके बाद गर्म पानी से बोतल को धो लें।

### कांच की बोतल की सफाई

इसे हाथ से धोने की ही सलाह दी जाती है। सबसे पहले बोतल में गुनगुना पानी डालें और कुछ बूंदे डिश सोप की डालें। इसके बाद बोतल को अच्छी तरह से हिलाकर साफ करें। बाद में फिर गर्म पानी से धोएं और सूखने के लिए छोड़ दें।

### प्लास्टिक की बोतल

प्लास्टिक की पानी की बोतल में सबसे ज्यादा मात्रा में रोगाणु पनपते हैं और इससे अजीब सी गंध भी आती है। इसलिए प्लास्टिक की बोतलों के साथ थोड़ी अतिरिक्त सावधानी रखने की जरूरत है। सबसे पहले बोतल को साबुन और पानी से धो लें, ताकि इससे बदबू दूर हो सके।

यदि फिर भी बदबू नहीं जाती है, तो एक चम्मच ब्लीच और बेकिंग सोडा डालकर इसे पानी से भर दें और रात भर के लिए छोड़ दें। अगले दिन अच्छी तरह से इसे हिलाकर धोएं और सूखने के लिए छोड़ दें।

## लंबाई बढ़ाने में मददगार ब्रोकली

ब्रोकली लंबाई बढ़ाने में मददगार, एक और महत्वपूर्ण सब्जी है। ब्रोकली शरीर में ग्रोथ हार्मोन को उत्तेजित कर लंबाई बढ़ाने में मदद करता है। साथ ही यह शरीर के कार्य को सही तरीके से करने में भी मदद करती है। ब्रोकली फाइबर, हेल्दी विटामिन और विटामिन सी और आयरन से भरपूर होती है। इसके अलावा इसमें एंटी-कैंसर गुण के साथ फाइबर भी बहुत अधिक मात्रा में होता है।



## रेसिपी

### पत्तागोभी पनीर के पराठा



**सामग्री**

**आटा गूंथने के लिए:** एक कप आटा, आधा छोटा चम्मच नमक, छोटा चम्मच ऑयल, आवश्यकतानुसार पानी, **भरावन के लिए:** एक छोटा कप बारीक कटी हुई पत्तागोभी, एक छोटा कप पनीर का चूरा, एक बारीक कटी हुई प्याज, एक चम्मच बारीक कटी हुई हरी मिर्च, एक चम्मच बारीक कटा हुआ धनिया पत्ता, एक छोटा चम्मच भुना हुआ जीरा, आवश्यकतानुसार ऑयल, स्वादानुसार नमक

**विधि**

सबसे पहले एक बड़े बाउल में आटा, नमक, हल्का तेल और पानी डालकर अच्छे से गूंद लें। इसके बाद इसे कुछ देर के लिए ढककर रख दें। अब दूसरे बाउल में पत्तागोभी, पनीर, प्याज, जीरा पाउडर, हरी मिर्च और धनिया पत्ती को डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब पराठा बनाएं। इसके लिए दो लोई लें और इन्हें रोटी की आकार में बेल लें। एक रोटी में भरावन रखें और उसके ऊपर से दूसरी रोटी रख दें और किनारे से मोड़ लें। जिससे कि मिक्चर बाहर न निकले। फिर हल्के हाथ से से बेल लें। जिससे कि वह आपस में चिपक जाएं इसके बाद गैस में तवा रखें और धीमी आंच में गर्म करें। तवा के गर्म होते ही इसपर रोटी डालें। रोटी को पलटकर दूसरे साइड से भी सेंके और फिर तेल लगाकर दोनों साइड से सेंकते हुए पराठे तैयार कर लें। इसे आप गर्मा-गर्म दही या आचार के साथ सर्व करें।

### खट्टे बैंगन की सब्जी



**सामग्री**

5-6 लंबे बैंगन, दो कटे हुए प्याज, एक बारीक कटा हुआ टमाटर, एक दालचीनी, एक बड़ा चम्मच जीरा, आधा चम्मच इलायची पाउडर, एक चम्मच कश्मीरी लील मिर्च, एक छोटा चम्मच हींग, एक छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, एक बड़ा चम्मच सोंठ, एक बड़ा चम्मच सौंफ, एक बड़ा चम्मच नींबू का रस, बारीक कटा हुआ हरा धनिया, स्वादानुसार नमक बनाने की विधि।

**विधि**

सबसे पहले एक कढ़ाई में तेल डालर गर्म करें। जब ये गर्म हो जाएं तो इसमें दालचीनी, जीरा, इलायची पाउडर, कश्मीरी लाल मिर्च, हींग, धनिया पाउडर, हल्दी और नमक डालें और अच्छी तरह से फ्राई कर लें। इसके बाद इसमें थोड़ा स पानी डाल दें। जिससे कि मासला जले न। जब यह तेल छोड़ने लगें तो इसमें सोंठ डाल दें और कम से कम 2 मिनट पकाएंष इसके बाद इसमें प्याज और बैंगन डालकर अच्छी करह से फ्राई करके कम से कम 20 मिनट के लिए ढक्कन बंद कर दें। 20 मिनट बाद इसमें टमाटर, सौंफ और थोड़ा सा पानी डालें। अब टमाटर पकने दें। जब टमाटर पक जाए और गाढ़ी सी ग्रेवी तैयार हो जाए। तब आंच बंद कर दें। आपकी कश्मीरी खट्टे बैंगन की सब्जी बनकर तैयार है। इसमें नींबू डालकर गर्मागर्म रोची के साथ सर्व करें।

# घर की सिक्योरिटी का इस तरह रखें खास ख्याल

आजकल शहरों में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रहीं है। अक्सर चोरी करने वाले मौका देखते ही घर पर अपना साफ कर लेते है। ऐसे में बहुत जरुरी है कि आप अपने घर की सिक्योरिटी का खास ख्याल रखें। घर सुरक्षित रहेगा तो तो आपका परिवार भी चैन की नींद ले सकता है। आज हम आपको घर को सुरक्षित रखने के कुछ तरीके बताएंगे।

» आजकल मार्किट में नए-नए तरह के लॉक आ गए है जिसे लगा कर आप अपने घर को सुरक्षित रख सकते है। इसके अलावा कभी भी किसी अजनबी को घर के अंदर न लाएं।

» आगे और पीछे के दरवाजों पर सिक्योरिटी लॉक की जगह डेथ बोल्ट लगाएं। यह ज्यादा सुरक्षित होते है। इन्हें आप खिड़कियों पर भी लगवा सकते है। इसके अलावा आप सिक्योरिटी सिस्टम जैसे इमरजेंसी स्मोक, हीट व फायर अलार्म भी लगवा सकते है।

» खिड़की पर हमेशा मोटे परदे लगाएं जिससे कोई भी अंदर न देख सकें लेकिन घर में अंधेरा न होने दें। अक्सर अंधेरे घरों में चोरों की ज्यादा नजर रहती है। सिक्योरिटी के लिए आप घर में कुत्ता भी रख सकते है।

» मेड, नौकर या किसी भी अजनबी के सामने अपनी अलमारी न खोलें। कभी उनके सामने कीमती वस्तुएं या पैसों के लेन-देन के



बारे में भी बात न करें। इसके अलावा मेड के रिश्तेदारों को कभी भी अंदर आने की इजाजत न दें।

» अगर आप शहर से बाहर जा रहें को तो मेड या पड़ोसी को बता कर जाएं। जाने से पहले अपने कीमती सामान पर साइन कर दें। इससे चोरी होने के बाद भी आपका सामान मिलने में आसानी रहेगी।

» अगर आपके जाने के बाद बच्चे घर पर अकेले रहते हो तो खिड़की ओर घर के चारों तरफ सुरक्षा के लिए कांटेदार रेलिंग लगवा दें। इसके अलावा घर के किचन में लॉक लगा दें।

» अपने घर की दूसरी चाबी कभी भी किसी को न दें। इसके अलावा घर के आस-पास का ध्यान भी रखें।

## सुबह का नाश्ता कब करें

अकसर यह कहा जाता है कि सुबह का नाश्ता दिन का सब से महत्त्वपूर्ण भोजन है। ऐसा इसलिए क्योंकि पूरी रात नींद लेने और 12 घंटे या इस से अधिक समय तक बिना भोजन के रहने के बाद जब आप का शरीर पोषण के लिए तरस रहा होता है, तो उस की आपूर्ति सुबह का नाश्ता ही करता है। न्यूट्रिशनिस्ट कहते हैं कि सुबह का नाश्ता आप को जागने के बाद 2 घंटे के अंदर कर लेना चाहिए।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136) RNI Title code-JHAHIN01027